mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-288 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

18 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



अब देश के सबसे... @ पेज 5

## संक्षिप्त समाचार

### राम माधव बनाए जा सकते हैं जम्मू-कश्मीर के एलजी

कई अन्य प्रदेशों में भी बदले जा सकते हैं गवर्नर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राम माधव के नाम की चर्चा इन दिनों जोर-शोर से हो रही है। ऐसी चर्चा है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनाया जा सकता है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा गर्म है। राम माधव की कश्मीर मामलों पर गहरी समझ और अनुभव को देखते हुए, ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। कुछ अन्य प्रदेशों में भी नए राज्यपालों की नियुक्तियां की जा सकती हैं। जम्मू-कश्मीर में हाल ही में विधानसभा चुनाव हुए हैं। बुधवार को वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार ने सत्ता भी संभाल ली।



### शेख हसीना के खिलाफ अरेस्ट वारंट हो गया जारी

बढ़ेगा तनाव

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध प्राधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। शेख हसीना के अलावा 45 लोगों के खिलाफ भी अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। इसमें शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के शीर्ष नेता भी शामिल हैं। इस प्राधिकरण को शेख हसीना ने ही बनाया था ताकि साल 1971 में पाकिस्तानी सेना के नरसंहार में मदद करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया जा सके। अब इसी प्राधिकरण का इस्तेमाल करके मोहम्मद यूनुस की कार्यकारी सरकार ने शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी करा दिया है। शेख हसीना इस समय भारत में शरण लिए हुए हैं और अब बांग्लादेश की सरकार भारत से अवामी लीग की नेता को प्रत्यर्पित करने की मांग कर सकती है। मानवता के खिलाफ अपराध में कनेक्शन है।



### एक करोड़ की ईनामी महिला नक्सली सुजाता गिरफ्तार

बस्तर में हमलों की है मास्टरमाइंड

रायपुर/सुकमा (एजेंसी)। तेलंगाना पुलिस ने एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली कल्पना उर्फ सुजाता (60) को गिरफ्तार किया है। वो हैदराबाद के महबूब नगर में इलाज कराने आई थी। नक्सली सुजाता छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिलों में 100 से अधिक वारदातों में शामिल रही है। पुलिस ने बताया कि कल्पना उर्फ सुजाता पर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में इनाम था। उससे पूछताछ में नक्सलियों से बड़ा इनपुट मिल सकता है। सुजाता ने खुंखार नक्सली हिडमा को भी ट्रेनिंग दी है। साथ ही कई महिला नक्सली संगठन तैयार किए हैं। हालांकि बस्तर पुलिस ने गिरफ्तारी को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।



## देश के 51वें चीफ जस्टिस होंगे संजीव खन्ना

- सीजेआई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को भेजी सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल नवंबर में खत्म हो रहा है। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश कर दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी सिफारिश में कहा है कि देश के अगले चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, जस्टिस संजीव खन्ना होंगे। बता दें कि वर्तमान सीजेआई 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। परंपरा के अनुसार सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है, जिसके चलते उन्होंने सीजेआई के पद के लिए जस्टिस संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की है। जस्टिस संजीव खन्ना वरिष्ठता सूची में पहला नाम है।



## बहराइच हिंसा के आरोपियों का एनकाउंटर

- नेपाल बॉर्डर पर सरफराज और तालिब को मारी गई गोली
- दोनों की हालत गंभीर, रामगोपाल मिश्रा की हत्या के आरोपी हैं





**बहराइच (एजेंसी)।** बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल मिश्रा पर गोली चलाने वाले आरोपी रिंकू उर्फ सरफराज खान और तालिब का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। शुरुआती जानकारी में सरफराज के मौत की खबर आ रही है। जबकि तालिब के पैर में गोली लगी है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। सरफराज मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद का दूसरे नंबर का बेटा है। एक दिन पहले उसकी गोली चलाते हुए तस्वीर भी सामने आई थी। आरोपी सरफराज और तालिब नेपाल भागने की फिराक में थे। लेकिन, दोनों को कोतवाली नानपारा क्षेत्र में हांडा बसेहरी नहर के पास पुलिस ने घेर लिया। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की बेटी रुखसार आज सुबह एक बयान जारी किया था। उसने कहा, मेरे भाई सरफराज, फहीम को एसटीएफ ले गई।

## योगी के कान में गुफ्तगू करते रहे जेपी नड्डा!

- हरियाणा के पंचकूला के मंच पर दिखा दोनों नेताओं का बांड

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को हरियाणा के पंचकूला में थे। वह यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान मंच पर बैठे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पास योगी पहुंचे और उनसे बातचीत की। इस दौरान नड्डा योगी के कान में भी कुछ कहते नजर आए। बातचीत खत्म होने के बाद योगी अपनी सीट पर वापस जाकर बैठ जाते हैं। चर्चा है कि दोनों नेताओं के बीच यूपी उपचुनाव की तैयारियों को लेकर बातचीत हुई है। योगी और नड्डा मंच पर पहली पंक्ति में बैठे हुए थे। गौरतलब है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित एक समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।



# नायब सिंह सैनी दूसरी बार बने हरियाणा के सीएम

- कुल 13 मंत्री बनाए गए, इनमें 6 पहले भी मंत्री रहे
- सबसे ज्यादा 5 ओबीसी चेहरे शामिल, 2 महिलाएं

पंचकूला (एजेंसी)। हरियाणा में नायब सैनी ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। सैनी राज्य के 19वें मुख्यमंत्री बने। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले वे 11वें नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। शपथ ग्रहण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह के साथ 18 राज्यों के सीएम व डिप्टी सीएम भी पहुंचे थे। सीएम सैनी के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। जिनमें सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और एससी वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है। नए बनाए मंत्रियों में अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और कृष्ण बेदी पहले मंत्री रह चुके हैं।



### अहीरवाल से नरबीर सिंह और आरती राव को मिली जगह

बीजेपी ने उसे दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा वोट देने वाले अहीर यानी यादव समुदाय को भी पूरा सम्मान दिया है। अहीरवाल में पड़ने वाली 11 में से 10 सीटों पर बीजेपी को चुनाव में जीत मिली है। पार्टी ने गुरुग्राम जिले की बादशाहपुर सीट से चुनाव जीते राव नरबीर सिंह और महेंद्रगढ़ जिले की अटेली सीट से चुनाव जीतीं आरती सिंह राव को मंत्री बनाया है। राव नरबीर सिंह 2014 में भी मंत्री बने थे। आरती सिंह राव केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी हैं।

### जाट समुदाय को भी पार्टी ने दिया बराबर का महत्व

बीजेपी ने सैनी कैबिनेट में जाट समुदाय से आने वाले जिन दो नेताओं को मंत्री बनाया है, उनके नाम महिपाल ढांडा और श्रुति चौधरी हैं। महिपाल ढांडा पानीपत जिले की ग्रामीण सीट और श्रुति चौधरी भिवानी जिले की तोशाम सीट से चुनाव जीती हैं। श्रुति चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पोती और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की बेटी हैं। किरण चौधरी और श्रुति चौधरी लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक बाद बीजेपी में शामिल हुई थीं। राजपूत समुदाय को भागीदारी देते हुए यमुनानगर जिले की रादौर सीट से चुनाव जीते श्याम सिंह राणा को बीजेपी ने मंत्री पद की जिम्मेदारी दी है। फरीदाबाद सीट से चुनाव जीते विपुल गोयल सैनी कैबिनेट में वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### पंजाबी समुदाय से आते हैं अनिल विज

नायब सिंह सैनी के बाद अनिल विज ने मंत्री पद की शपथ ली। अनिल विज सात बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं और इस बार अंबाला जिले की अंबाला कैंट सीट से विधायक चुने गए हैं। अनिल विज खुद भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में थे लेकिन पार्टी नेतृत्व ने चुनाव के दौरान ही साफ कर दिया था कि सरकार बनने की सूरत में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बनेंगे। पंजाबी समुदाय से आने वाले विज पार्टी के बड़े चेहरे हैं। बताना होगा कि अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पंचकूला के साथ ही सिरसा जिले में भी पंजाबी समुदाय की अच्छी-खासी आबादी है। ऐसे में पार्टी ने अनिल विज को फिर से मंत्री बनाया है।

## अप्रवासियों को नागरिकता देने वाला कानून वैध

सीजेआई बोले-

- यह राजनीतिक समाधान था, जो कानून बना
- जस्टिस सूर्यकांत बोले-जियो और जीने दो, यह अच्छा निर्णय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने इस पर गुरुवार को फैसला सुनाया। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। फैसले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है। वहीं जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई। दरअसल, सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आए हैं वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते हैं।




## बिहार में जहरीली शराब से 4 दिन में 36 लोगों की मौत

सीवान और सारण में 40 की हालत गंभीर, 7 लोगों की आंखों की रोशनी





**छपरा (एजेंसी)।** बिहार के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक एक महिला समेत 36 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार सुबह सीवान में 3 और सारण में 2 लोगों की मौत हुई। सीवान में 26 और सारण में 10 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि प्रशासन ने 24 मौत की पुष्टि की है। सीवान में 14 अक्टूबर से मौत का सिलसिला शुरू हुआ। सारण में जिनकी मौत हुई है, उन सभी ने 15 अक्टूबर को शराब पी थी। 44 लोगों की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि सीवान में 5, सारण में 2 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। सीवान सदर अस्पताल में 34, जबकि छपरा में 1 व्यक्ति भर्ती है। सारण से कुछ लोगों को पटना के पीएमसीएच भेज दिया गया है। सीएम नीतिश कुमार ने शराबकांड पर समीक्षा की है। डीजीपी को पूरे मामले की जांच की मॉनिटरिंग करने को कहा है। साथ ही मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वे घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी पहलुओं पर जांच करें। पुलिस के अनुसार, कई लोगों ने 13 अक्टूबर को सीवान के भगवानपुर हाट में बिक रही पाउच वाली शराब पी थी। वहीं, एक सप्लायर ने शराब बेची थी।

## आरक्षित टिकट बुकिंग को लेकर रेलवे लाया नया नियम

- 120 दिन नहीं अब केवल 60 दिन पहले ही होगा रिजर्वेशन
- आईआरसीटीसी ने रिजर्वेशन के नियम में किया बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप ट्रेन से सफर करते हैं तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। रेलवे ने रिजर्वेशन के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। रेलवे ने 120 दिन पहले टिकट बुक करने के नियम में बदलाव कर इसे 60 दिन कर दिया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। यह बदलाव 1 नवंबर 2024 से लागू होगा। इस फैसले के बाद अब यात्री अपनी यात्रा की तिथि से दो महीने पहले ही टिकट बुक करा सकेंगे। गुरुवार को रेल मंत्रालय की ओर से इसे लेकर जानकारी दी गई है। बता दें कि रेलवे तत्काल टिकट की व्यवस्था भी देता है। तत्काल टिकट की बुकिंग यात्रा की तिथि से एक दिन पहले की जा सकती है। इसके लिए रोज सुबह 10 बजे के बाद 3 एसी लेकर ऊपर की श्रेणी के लिए बुकिंग शुरू हो जाती है जबकि स्लीपर तत्काल बुकिंग सुबह 11 बजे से चालू हो जाती है। अगर किसी ने 1 नवंबर के बाद से टिकट पहले ही बुक कर लिए हैं तो रेलवे के इस फैसले का उन पर असर नहीं होगा। 1 नवंबर से जो यात्री टिकट बुक कराएंगे, उन पर ही यह फैसला लागू होगा। रेलवे ने विदेशी पर्यटकों को रिजर्वेशन में छूट दी है। वह 365 दिन पहले टिकट बुक करा सकेंगे।






# बेंगलुरु टेस्ट में रोहित सेना का शर्मनाक रिकॉर्ड

5 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता, भारत 46 रनों पर ढेर

5 शून्य पर आउट हुए

- 9 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके
- भारत का अपनी सरजमीं पर सबसे शर्मनाक प्रदर्शन है

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए गुरुवार किसी बुरे सपने की तरह रहा। उसे बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में न्यूजीलैंड ने सिर्फ 46 रनों पर ढेर कर दिया है। यह उसका भारत में खेले गए किसी भी टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर है, जबकि ओवर ऑल तीसरा सबसे छोटा स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने लंच तक छह विकेट 34 रन पर गंवा दिए थे, जबकि इसके बाद पंत आउट हुए और फिर टीम लगातार विकेट गंवाती रही। रोचक बात यह है कि न्यूजीलैंड ने इस पारी में सिर्फ 3 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और तीनों ही तेज गेंदबाज थे।

इससे पहले मैच के ऑफिशल दूसरे दिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो उनकी टीम के लिए सबसे बुरा साबित हुआ। ओवरकास्ट कंडीशन में कीवी गेंदबाजों ने पहले ही घंटे में भारत के शीर्षक्रम की धज्जियां उड़ा दी। बारिश रुकने के बाद खेल शुरू होने पर यशस्वी जायसवाल (13) का विकेट भारत ने गंवाया। रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने पवेलियन भेजा जबकि राउरकी ने विराट कोहली (0) का विकेट लिया।



संक्षिप्त समाचार

## गोबर शिल्प परंपरा पर 23-25 अक्टूबर को होगी कार्यशाला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के अंतर्गत डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल द्वारा अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन मनके (बीट्स) की प्रदर्शनी, मनके निर्माण कार्यशाला तथा युगों-युगों मनके विषय पर व्याख्यान के साथ गोबर शिल्प परंपरा पर कार्यशाला 23-25 अक्टूबर 2024 को राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में होगी। कार्यशाला का शुभारंभ 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे राज्य संग्रहालय सभागार में किया जायेगा। कार्यशाला में मनके एवं गोबर शिल्प विक्रय के लिये उपलब्ध रहेगें। प्रदर्शनी एवं व्याख्यान के माध्यम से विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी विद्यार्थियों एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों एवं जिज्ञासु प्राचीन मनके निर्माण विधा तथा गोबर शिल्प परंपरा से लाभान्वित हो सकेगें। प्रतिभागियों में पंजीयन के लिये लिंक है एवं संचालनालय, पुरातत्त्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, बाणगंगा मार्ग, भोपाल तथा डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, राज्य संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स, भोपाल में भी कार्यालयीन समयानुसार आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है।

## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए 7 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए 7 लाख 66 हजार 923 किसानों ने पंजीयन कराया है। गत वर्ष 7 लाख 54 हजार 384 किसानों ने पंजीयन कराया था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवम्बर और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर 2024 से किया जायेगा। किसान पंजीयन में रकबा 13 लाख 79 हजार 632 लाख हेक्टेयर है। रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है। पंजीयन की आखिरी तारीख 14 अक्टूबर 2024 थी। प्रदेश में हुए कुल पंजीयन में मुख्य रूप से जिला बालाघाट में एक लाख 28 हजार 327 किसान, रीवा में 61 हजार एक, सतना में 54 हजार 639, जबलपुर में 54 हजार 465, सिवनी में 54 हजार 409, कटनी में 52 हजार 171, मण्डला में 40 हजार 959, पन्ना में 33 हजार 213, शहडोल में 33 हजार 5, मैहर में 24 हजार 964, डिण्डोरी में 24 हजार 91, उमरिया में 23 हजार 662, सीधी में 23 हजार 227, सिंगरौली में 23 हजार 238, अनूपपुर में 21 हजार 679, नर्मदापुरम् में 20 हजार 636, दमोह में 19 हजार 269, मऊगंज में 17 हजार 597, नरसिंहपुर में 11 हजार 825, रायसेन में 9 हजार 334, बैतूल में 7 हजार 800, सीहोर में 6 हजार 196, सागर में 3 हजार 922, ग्वालियर में 3 हजार 630, छिंदवाड़ा में 1 हजार 876, शिवपुरी में 1 हजार 162, दतिया में 1 हजार 26, भिण्ड में 2 हजार 239, विदिशा में 880, मुरैना में 7 हजार 781 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## ई-नर्सरी पोर्टल- उद्यानिकी क्षेत्र में एक नई पहल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** घर, गार्डन या खेतों में उत्तम गुणवत्ता के पौधे लगाने के लिये, अच्छे और स्वस्थ पौध के लिये अब नर्सरी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उद्यानिकी विभाग द्वारा ई-नर्सरी पोर्टल पर 300 से अधिक नर्सरियों की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध करवाई गई है। इसके माध्यम से पौधों का क्रय-विक्रय आसानी से किया जा सकता है। नर्सरी प्रबंधन और पौध विपणन की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार की यह नई पहल है, जिसे काफी सराहा जा रहा है। संचालक उद्यानिकी श्री एस.बी. सिंह ने बताया कि ई-नर्सरी पोर्टल उद्यानिकी क्षेत्र में तकनीकी सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि राज्य के उद्यानिकी विकास में भी इसका योगदान सराहनीय है। उन्होंने बताया कि ई-नर्सरी पोर्टल पर विभाग की सभी नर्सरियों की पूरी जानकारी उपलब्ध हो गई है, जिसमें पौधवार स्टॉक रिपोर्ट, नर्सरीवार स्टॉक रिपोर्ट, पौध बिक्री रिपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है। ई-नर्सरी पोर्टल से कृषकों और उद्यान प्रेमियों को नर्सरियों की आसान पहुँच मिल सकीं है। श्री सिंह ने बताया कि विभागीय नर्सरियों की मान्यता, रेटिंग प्रमाणन और विस्तृत विवरण भी पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। जिससे नर्सरियों की गुणवत्ता और प्रामाणिकता की पुष्टि की जा सकती है। इस पोर्टल के माध्यम से नर्सरियों की समस्त अधोसंरचनाओं का प्रबंधन और विपणन की पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित हो रही है।

# प्रतियोगिता में भाग लेने से मिलता है नया जोश और मनोबल-राज्यपाल पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रतियोगिता में भाग लेने से नया जोश और मनोबल तो मिलता ही है, साथ ही अपने और दूसरों के प्रदर्शन के अनुभव से कौशल का नया स्तर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में ज्ञान और कौशल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि हार-जीत से कही अधिक महत्वपूर्ण हमारी संस्कृति, सुसंस्कृत जीवनशैली की गरिमा और गौरव का सम्मान है। राज्यपाल श्री पटेल आज केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय क्रीड़ा, सांस्कृतिक, शैक्षिक स्पर्धा, युवा महोत्सव 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विशिष्ट ग्रंथों, सर्वसमावेशी शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में महर्षि दयानन्द सरस्वती और



भारतीय ज्ञान परम्परा शिक्षक शिक्षा का लोकार्पण किया। महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, युव संसद जयपुर के संस्थापक श्री आशुतोष जोशी मंचासीन थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि आधुनिक मानव जीवन से जुड़े क्षेत्रों शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी जीवन आदि कई विषयों में संस्कृत ज्ञान निधि की प्रासंगिकता आज बढ़ रही है।दुनिया में संस्कृत भारत की सॉफ्ट पावर का सबसे प्रमुख ज़रिया है। हमें ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जिसमें संस्कृत के ज्ञान को आधुनिक और शोध परक दृष्टि से देखा जाए और ज्ञान के नए स्वरूप को प्रकाशित किए जाए। समय की आवश्यकता है कि हमारे पास ऐसे युवा हो, जिनमें संस्कृत के साथ कम्प्यूटर कोडिंग की तकनीक और अनुसंधान का सामर्थ्य हो। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत निर्माण प्रयासों के लिए जड़ों से जुड़ें वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु सक्षम युवाओं का निर्माण समय की जरूरत है। विश्वविद्यालय को संस्कृत भाषा की भारतीय ज्ञान परम्परा को भविष्य की दृष्टि से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ समन्वय से भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने की जिम्मेदारी लेना होगी।

## गौ-सेवा जीवन में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है-पशुपालन मंत्री पटेल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि गौ- सेवा हमारे जीवन में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के कार्य निरंतर जारी है। इस वर्ष हमारी सरकार गौ- संरक्षण एवं संवर्धन वर्ष भी मना रही है।

हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह इस क्षेत्र में अपना पूरा-पूरा योगदान दे। मंत्री श्री पटेल ने महू में आज पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के नवीन कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया। मंत्री श्री पटेल ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय की विभिन्न इकाईयों हॉस्पिटल, डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, बालक एवं बालिका छात्रावास का भ्रमण किया तथा महाविद्यालय की गतिविधियों का जायजा लिया। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ.) मनदीप शर्मा भी उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं से बात कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और हल किया। उन्होंने इंटर्नशिप छात्रों का मानदेय बढ़ाने का आश्वासन भी दिया।

## राज्य स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की 7वीं बैठक हुई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की 7वीं बैठक मंत्रालय में प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री गुलशन बामरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अंतर्गत नगरीय निकायों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) को नियंत्रित करने के लिये उपायों की समीक्षा की गई। विभिन्न शहरों के प्रस्तुतिकरण में यह पाया गया कि सभी निकायों द्वारा कार्य-योजना के अनुसार कार्रवाई की जा रही है, जो संतोषजनक पाई है। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न नगरीय निकायों में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास और सागर के कलेक्टर्स द्वारा इन शहरों में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये किये गये विभिन्न कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री बामरा द्वारा सभी संबंधित शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) को वर्तमान शीतकालीन ऋतु में विशेष रूप से नियंत्रित रखने के लिये कार्य-योजना अनुसार विभिन्न त्वरित उपाय करने के लिये निर्देशित किया गया।

श्री बामरा ने बैठक में कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के अनुसार ओपन बॉयोमॉस/गारबेज जलाने पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाया जाये और समस्त सफाई मित्रों को कचरा एकत्रीकरण के पश्चात न जलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में जहाँ ज्यादा धूल उड़ने की संभावना है, उसे हॉट-स्पॉट के रूप में चिन्हित कर वहाँ पर जल छिड़काव नियमित रूप से किया जाये। शहर में ऐसे स्थान चिन्हित किये जायें जहाँ भारी वाहन गतिविधियाँ संचालित होती हैं और पीक ऑवर्स के समय इन्हें ट्रैफिक डायवर्जन कर नियंत्रित किया जाये।

## नीति आयोग की टीम ने विदिशा और भोपाल में एमएसएमई इकाइयों का अवलोकन किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नीति आयोग की टीम ने विदिशा में कृषि उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयों को और प्रोत्साहित करने तथा भोपाल में कुशल श्रमिकों की सुलभता के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। नीति आयोग की टीम ने विदिशा तथा भोपाल की अनेक एमएसएमई इकाइयों का भ्रमण किया। नीति आयोग की टीम ने विदिशा के जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों के साथ विदिशा की ओडीओपी इकाई मेसर्स उषा एग्रो का भ्रमण किया। टीम ने मेसर्स उषा एग्रो द्वारा निर्मित विभिन्न कृषि उपकरणों का अवलोकन



किया। प्रोपराइटर श्री मानस गुप्ता के साथ ओ.डी.-ओ.पी. उत्पाद के विकास एवं निर्यात के वृद्धि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नीति आयोग द्वारा एमएसएमई विभाग के अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि एक जिला-एक उत्पाद के साथ विदिशा को कृषि उपकरण इंडस्ट्री हब के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाए जाने का प्रयास भी किया जाये। नीति आयोग की टीम द्वारा भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में महिला उद्यमी मेसर्स परिधि इंडस्ट्रीज की औद्योगिक इकाई का भी निरीक्षण किया। इस औद्योगिक इकाई में 164 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस इकाई की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें 24 घंटे और 365 दिन कार्य होता है अर्थात कभी भी उत्पादन रुकता नहीं है। इकाई में हैवी फैब्रिकेशन एवं मशीनरी का कार्य किया जाता है। महिला उद्यमी से नीति आयोग द्वारा समस्या एवं सुझाव चाहे गए। उद्यमी श्रीमती कुमुद तिवारी द्वारा बताया गया कि यहाँ पर उन्हें स्किल कर्मी की सबसे ज्यादा कठिनाई हो रही है। अभी कर्मचारियों को स्किल करते हैं तथा फिर उन्हें टेक्नीशियन एवं सुपरवाइजर बनाते हैं। नीति आयोग की टीम ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा मिलकर शीघ्र निराकरण करने के लिए आश्वस्त किया गया।

## मालवा-निमाड़ में बिजली वितरण के लिए नए 48 सब स्टेशन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र वितरण कंपनी ने वर्ष 2023 एवं 24 के दौरान मालवा और निमाड़ क्षेत्र में 48 नए ग्रिड तैयार किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के नए ग्रिडों से रबी सीजन में किसानों को मदद मिलेगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार बने इन ग्रिडों से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को भी फायदा पहुंचेगा। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के सघनतम प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को दस घंटे एवं अन्य सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था है। सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए लाइन एवं ग्रिडों के क्षमता बढ़ाने एवं नए 33/11 केवी ग्रिडों को समय् पर तैयार किया जा रहा है। आरडीएसएस के तहत अब तक 43 ग्रिड तैयार हुए है। इनमें इन्दौर शहर के बिलावली, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, इंदौर ग्रामीण वृत्त का ईमलीखेड़ा, महेश्वर रोड, गुलझेरा, बड़ियाकीमा बिचौली, राजोदा, खरगोन का आम्बा, कामोदवाड़ा, गेरूबेड़ी, शिवना, धार का जोलाना, बड़वानी का कालापाट, खंडवा का अमलानी, बड़ौदा अहीर, मालगांव, कुम्हारखेड़ा, सेगवाल, , बुरहानपुर का सिवल, झाबुआ का सेमलिया ग्रिड शामिल है। इसी तरह उज्जैन रीजन के नए 33/11 खेड़ापहाड, भैंसायगढ़ा, मोहम्मदखेड़ा, कमलिया, कनाडिया, रतलाम का बरखेड़ी, नायन, राजाखेड़ी का ग्रिड़ शामिल हैं। इंदौर शहर के रसोमा विजय नगर के पास ग्रिड का 98 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका हैं। जल्दी ही यहां से बिजली वितरण प्रारंभ हो जाएगा।

## ओरछा को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए तैयार डोजियर को यूनेस्को ने स्वीकारा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ओरछा के ऐतिहासिक समूह को नामांकित कराने के लिये म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा तैयार कराये गए डोजियर (संकलित दस्तावेज) को केंद्र सरकार ने यूनेस्को की विश्व धरोहर कमेटी को सौंप दिया है। वर्ष 2027-28 के लिये केंद्र द्वारा ओरछा के ऐतिहासिक समूह को विश्व धरोहर स्थल घोषित करने हेतु अनुशंसा की है। पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारतीय राजदूत श्री विशाल वी शर्मा ने यूनेस्को विश्व विरासत केंद्र के निदेशक श्री लाज़ारे एलौंडौ असोमो को ओरछा का डोजियर सौंपा है। यूनेस्को की आधिकारिक घोषणा के बाद ओरछा देश की ऐसी एकमात्र विश्व धरोहर स्थली होगी, जो राज्य संरक्षित है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के सतत प्रयास किये जा रहे है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने यूनेस्को द्वारा डोजियर को स्वीकार किए जाने पर हर्ष जताते हुए कहा कि, यह प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। ओरछा अपनी अद्वितीय स्थापत्य शैली और समृद्ध ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। विश्व धरोहर सूची में नामांकित होने से ओरछा की ऐतिहासिक धरोहरों की वैश्विक पहचान को और मजबूती मिलेगी। साथ ही ओरछा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष केंद्र सरकार देश की एक धरोहर को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में नामांकित कराने के लिए यूनेस्को (यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल आर्गेनाइजेशन) को अनुशंसा करती हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में प्रदेश के 14 स्थल शामिल है। खजुराहों के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल स्थायी सूची में शामिल है। यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल घाटी के शैल कला स्थल, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, मंडला स्थित रामनगर के गोंड स्मारक, धमनार का ऐतिहासिक समूह, मांडू में स्मारकों का समूह, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और चंदेरी शामिल है। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा ओरछा और भेड़ाघाट को यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में शामिल कराने के लिए क्रमश: वर्ष 2019 एवं 2021 में प्रस्ताव तैयार कराया गया था। जिसको भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) द्वारा योग्य मानते हुए यूनेस्को के विश्व धरोहर अनुभाग को अग्रेषित किया और फिर टेंटेटिव लिस्ट में सम्मिलित करने की घोषणा की गई थी। घोषणा के बाद टूरिज्म बोर्ड द्वारा विशेषज्ञ संस्थाओं के सहयोग से ओरछा, मांडू, भेड़ाघाट के डोजियर तैयार कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेजा गया।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रारंभिक निरीक्षण कर ओरछा का डोजियर अनुशंसा कर यूनेस्को के विश्व धरोहर अनुभाग को सौंपा गया।

## विजयपुर और बुधनी में 13 नवम्बर को होगा मतदान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने बुधवार को निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने दल पदाधिकारियों को श्योपुर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 02-विजयपुर और सीहोर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 156-बुधनी में उप निर्वाचन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों में उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। घोषणा के साथ ही श्योपुर और सीहोर जिले की सम्पूर्ण सीमाक्षेत्र में आदर्श आचार संहिता पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। उन्होने दल पदाधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का शब्दश: पालन करने की अपील की। उन्होंने दल पदाधिकारियों को बताया कि उप निर्वाचन के लिए 18 से 25 अक्टूबर तक नाम-निर्देशन पत्र भरे जाएंगे। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी और 30 अक्टूबर तक नाम-निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। मतदान 13 नवम्बर को एवं मतगणना 23 नवम्बर को होगी। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 327 एवं बुदनी विधानसभा क्षेत्र में 363 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 2 लाख 54 हजार 750 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 21 हजार 01 महिला मतदाता और 1 लाख 33 हजार 554 पुरुष मतदाता हैं। थर्ड जेण्डर मतदाता 02 और सर्विस वोटर्स 103 हैं। इसी प्रकार सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 2 लाख 76 हजार 591 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 33 हजार 280 महिला मतदाता और 1 लाख 43 हजार 111 पुरूष मतदाता हैं। थर्ड जेण्डर 06 और सर्विस वोटर्स 194 हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे, श्री विवेक श्रोतिय, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी से श्री एस.एस. उप्पल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्री जे.पी. धनोपिया, आम आदमी पार्टी से श्री सुमित चौहान एवं बहुजन समाज पार्टी से श्री पूर्णेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे।

## पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने 5 कार्मिकों के चतुर्थ समयमान वेतनमान के आदेश किए जारी

भोपाल। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा कंपनी के 5 कार्मिकों के 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प समयमान वेतनमान लाभ के आदेश जारी कर दिए गए है। सहायक अभियंता अनंत एस. पसारकर, सहायक अभियंता राकेश कुमार भार्गव, प्रवीण कुमार अग्रवाल, सहायक अभियंता सि?विल राजीव कुमार सरैया, व कनिष्ठ अभियंता धमेन्द्र कुमार वर्मा। इनमें से राकेश कुमार भार्गव, प्रवीण कुमार अग्रवाल व राजीव कुमार सरैया को सेवानिवृत्ता? के उपरांत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है।

# समाधान दिवस के दूसरे दिन 370 से अधिक शिकायतों का हुआ निराकरण

### जनपद मुख्यालयों में हुआ शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** समाधान ऑनलाइन में चयनित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार गुरुवार को भी समाधान दिवस के रूप में मनाया गया। निर्देशानुसार जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन किया गया।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर तथा विभागीय समन्वय कर 370 शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत किया गया। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 107, मझौली में 45, सिहावल में 112, सीधी में 80 तथा कुसमी में 26 शिकायतों को निराकृत किया गया।

**समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषय:** आवास सहायता योजना की राशि प्राप्त न होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होना आवास सहायता आदिम जाति कल्याण विभाग, छात्रावासों में आवास/भोजन/साफ सफाई आदि की सुविधा न होना/प्रवेश न मिलने/अतिक्रमण/छात्रावास में अधीक्षक/कर्मचारियों से संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), जननी सुरक्षा योजनाध्मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) अंतर्गत पात्रता के अनुसार राशि प्राप्त न होने के संबंध में (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), नवीन राशन कार्ड जारी करना (नया राशन कार्ड/पात्रता पर्ची बनवाने के संबंध में) खाद्य आपूर्ति विभाग, नामांतरण संबंधी राजस्व मामले एवं बंटवारा संबंधी मामले (राजस्व विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वीकृत आवास की राशि प्रदान करने के संबंध में (प्रधानमंत्री आवास योजना), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित दिनांक 01.01.2017 से प्रारम्भ (महिला एवं बाल विकास), पोस्ट मेट्रिक/प्रवीण्य/विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नहीं मिलने संबंधी (पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), बिजली न आनेध्वोल्टेज से संबंधित (ऊर्जा विभाग), मध्यप्रदेश असंगठित शहरी/ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित (मध्यप्रदेश असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्ड संबल योजना-श्रम विभाग), विवेचना में विलंब व लापरवाही करना, समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नही करना, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्यवाही विवेचना न करना (पुलिस), शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति प्राप्त न होना, विलंब से प्राप्त होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक शिक्षनार्थियों के लिए छात्रवृत्ति न मिलने संबंधी (लोक शिक्षण) एवं 100 दिवस से लंबित समस्त शिकायतें समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का शिक्षा गुणवत्ता सम्मेलन संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म प्र का सतना के स्थानीय गार्डेन में मध्यप्रदेश शासन की मंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य, रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना, सुष्मिता परिहार उपाध्यक्ष जिला पंचायत सतना, सतीश शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा सतना, मनोज पटेल जनपद उपाध्यक्ष अमरपाटन के विशिष्ट आतिथ्य तथा आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म प्र के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल की अध्यक्षता में शिक्षक संगोष्ठी एवं शिक्षा गुणवत्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने अध्यापक शिक्षक संवर्ग को केंद्र सरकार के समान शिक्षकों को यूपीएस पेंशन लागू करने, नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना ग्रेज्युटी एवं पेंशन का लाभ देने, मृत अध्यापक शिक्षक परिवार को अनुकंपा नियुक्ति में सरलीकरण करने, गुरुजी को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, केंद्र सरकार की तरह मंहगाई भत्ता देने, नवनियुक्त शिक्षको को 100 प्रतिशत वेतन देने, उच्च माध्यमिक, माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतन, क्रमोन्नति आदेश सीधी और सतना जिले के लंबित हैं उनके आदेश जारी करने की मांग राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं सभी विशिष्ट अतिथियों के समक्ष अपने उद्बोधन में रखते हुए आगामी नवंबर माह में भोपाल में आयोजित होने जा रहे सम्मेलन में एक लाख की संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हमें इसी सरकार ने सम्मान जनक स्थिति में पहुंचाया है, आगे भी इसी सरकार पर भरोसा विश्वास है।

## युवक की खून से लथपथ मिली लाश, हत्या का आरोप परिजनों ने किया हंगामा, जांच में जुटी पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जमोड़ी थाना अंतर्गत एक व्यक्ति की खून से लथपथ लाश मिली है। जिसकी शिनाख्त धीरू सोनी 32 वर्ष निवासी कोटहा के रूप में पहचान की गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहौल है। जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र के सभी लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। जहां मौके पर पुलिस पहुंच गई है। खोजी कुत्ते के माध्यम से जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति की लाश मिली है वह व्यक्ति अभी 3 महीने पहले ही दुष्कर्म के आरोप में जेल गया था और जमानत पर छूटा हुआ था। इसके अलावा जिस लडकी ने आरोप लगाया था उसी लडकी के घर पर उस व्यक्ति की लाश मिली है। मृतक के भाई ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिस लडकी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था, वह कल रात मेरे भाई को बुला कर ले गई थी।

लेकिन जब सुबह मेरा भाई घर पर नहीं पहुंचा तब मम्मी ढूंढने के लिए आसपास के क्षेत्र में गई। जब लडकी के घर जाकर देखा तो मेरे भाई की लाश खून से लथपथ पड़ी थी। इसके बाद मां ने मुझे बुलाया और फिर मैंने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं थाना प्रभारी जमोडी विशाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक व्यक्ति की लाश मिली थी जिसके बाद हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। डाग स्काड की टीम को बुलाया गया है और एफएसएल की टीम जांच कर रही है। इस मामले को लेकर परिजनों द्वारा पीएम घर के सामने चक्का जाम कर आंदोलन भी शुरू कर दिए लेकिन पुलिस की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ है। इस मामले को लेकर जमोड़ी नगर निरीक्षक विशाल शर्मा ने कहा कि मर्ग कायम कर लिया गया है। जांच की जा रही है। इसमें आगे क्या कार्यवाही होगी पूरी जानकारी सामने आने के बाद ही तय हो पायेगी।

## ऑटो और बाइक की टक्कर, बाइक चालक की मौत, साथी गंभीर




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के पटपरा में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे ऑटोरिक्शा और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में 27 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी घायल है।

कमर्जी थाना प्रभारी पवन सिंह के मुताबिक, मृतक का नाम आशिक सिंह था। वह बाइक से मऊगंज जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज सीधी में चल रहा है। मृतक पटौहा गांव का रहने वाला था। वहीं पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। ऑटोचालक ऑटो सहित फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# पुलिस वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## एफआईआर में अज्ञात के खिलाफ केस, अपने ही ड्राइवर को तलाश रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी की तलाश कर आधी रात वापस चौकी लौट रहे पुलिस के वाहन ने बहगड़ गांव में एक बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस की डायल हंड्रेड मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए जैतपुर अस्पताल लाया गया। जहां उसने कुछ देर में ही दम तोड़ दिया। घटना बुधवार देर रात की है। घटना के बाद एमपी पुलिस का एक गजब कारनामा सामने आया है।

दरअसल, पुलिस के जिस वाहन से हादसा हुआ है। वह सरकारी वाहन (क्रमांक एमपी 03 ए 2047) था। वाहन में एएसआई शिवाराम सिंह, आरक्षक राकेश खन्ना और राम मोहन शर्मा सवार थे। लेकिन पुलिस का सरकारी वाहन कौन चला रहा था वो अज्ञात है। पुलिस ने जिस सरकारी वाहन के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज किया है। उसके चालक को अज्ञात बता दिया है। पुलिस का यह मामला अब चर्चा का विषय बना है।

**अस्पताल में घायल युवक ने तोड़ा दम:** बाइक सवार युवक महेंद्र सिंह पिता रामदीन (38) निवासी कुंड ससुराल से घर कुंड जा रहा था। तभी बहगड़ गांव के पास तेज रफ्तार झींक बिजुरी पुलिस चौकी के वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना में पुलिस का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी वजह से डायल हंड्रेड को मौके पर बुलवाया गया। इधर, इलाज के दौरान युवक ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया।

**बुढ़ार से लौट रही थी झींक बिजुरी पुलिस:** झींक बिजुरी चौकी प्रभारी वर्मा ने बताया कि रूपौला गांव में हुई वारदात के आरोपी का प्वाइंट बुढार में मिला था। पुलिस वहां दबिश देने गई थी। आरोपी नहीं मिला। इसके बाद पुलिस वापस झींक बिजुरी लौट रही थी। तभी बहगढ़ के पास यह हादसा हो गया।

**वाहन चालक कैसे हो गया अज्ञात:** पुलिस विभाग के जिस सरकारी वाहन में एएसआई समेत दो आरक्षक सवार थे। पुलिस हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ने झींक बिजुरी से लगभग 50 किलोमीटर दूर सरकारी वाहन से बुढ़ार आ सकती है, तो उसका चालक अज्ञात कैसे हो सकता है? तथ्य खंगालने पर यह बात सामने आई है कि पुलिस के सरकारी वाहन को कोई प्राइवेट ड्राइवर चला रहा था, उसके पास वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण प्राथमिक रिपोर्ट पर चालक को अज्ञात बता कर मामले को जांच में लिया गया है।

**पुलिस जांच में बदल जाएगा चालक:** क्रिमिनल केस के एडवोकेट राकेश सिंह बघेल ने बताया कि पुलिस ने सरकारी वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसके चालक को अज्ञात सोच समझ कर बताया है। जाहिर सी बात है चालक ज्ञात है। लेकिन उसके बाद कागज अज्ञात हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस खुद को बचाने के लिए किसी ऐसे आदमी को वाहन चालक बताकर कोर्ट में पेश कर देगी जिसके पास सभी वैध दस्तावेज होंगे।

**जांच जारी है:** जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड ने बताया की चौकी का वाहन 307 के आरोपी की तलाश में गया था। तभी यह घटना घटी है। बाइक सवार युवक की इस घटना में मौत हो गई है। अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**जांच के आदेश दिए हैं:** एएसपी अभिषेक दीवान ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के नाम से अपराध क्यों दर्ज किया है? इस मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। जल्द ही आरोपी नामजद होगा।

## नाबालिग सहित दो लोगों को पीटने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

### जूता चटवाने का वीडियो शेयर किया था, अश्लील गाने बजाने पर हुआ था विवाद

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग सहित 2 लोगों के साथ मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, एक दिन बुधवार को दो वीडियो वायरल हुए थे। सिविल लाइन और बमीठा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह पर आरोपियों ने एक नाबालिग सहित 2 लोगों के साथ मारपीट करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया था।इसमें चार युवक नाबालिग को बेरहमी से पीट रहे थे। मारपीट के बाद वो उससे अपना जूता भी चटवा रहे थे। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

**सिविल लाइन और बमीठा थाने में केस दर्ज किया था:** पुलिस ने बताया कि फरियादियों ने मारपीट और अवैध वसूली संबंधी रिपोर्ट की थी। जिसमें रासू बुंदेला, मोनू प्रजापति, नितिन पांडे और अन्य आरोपियों ने एक राय होकर अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर मारपीट, अवैध वसूली जैसे अपराध किए थे। वहीं, बुधवार की सुबह सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया था।

बुधवार को फरियादियों की रिपोर्ट के आधार पर सिविल लाइन थाने में (1 अपराध) और बमीठा थाने में (2 अपराध) कुल तीन अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए।

**तीन अपराध में 5 गिरफ्तार:** छतरपुर पुलिस ने दोनों थानों के 3 अपराधों में शामिल गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है-

1. नितिन पांडे निवासी गढ़ा थाना बमीठा, 2. आशीष पिता बबलू उपाध्याय उम्र 21 साल निवासी छत्रसाल नगर, 3. कपिल पिता भरत राजपूत निवासी सटई रोड, 4. रास्सू राजा बुंदेला निवासी ग्राम चांदनी थाना बमीठा, 5. मोनू प्रजापति, निवासी ग्राम टपरियान थाना बमीठा

सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी आशीष और नितिन पांडे के खिलाफ 4, वहीं आरोपी रासु बुंदेला के खिलाफ 6 अपराध दर्ज हैं।

## चोरी के प्रयास में घर में घुसा युवक

### मकान मालिक की आवाज सुनकर कुएं में गिरा, पुलिस ने किया रेस्क्यू



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर में बुधवार-गुरुवार की रात चोरी के प्रयास में घर में घुसा चोर कुएं में जा गिरा। युवक जिस कुएं में गिरा था, उसमें एक जहरीला सांप भी था। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। इसके बाद युवक को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

**युवक को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया:** कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि बुधवार-गुरुवार की रात सीताशरण तिवारी के खेत में बने मकान के गेट से एक युवक चोरी के लिए अंदर आ रहा था। उसके अंदर आने पर मकान मालिक ने आवाज दी, जिससे डर कर युवक भागा और पास में बने गहरे कुएं में गिर गया। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

गहरे कुएं में युवक पत्थर के सहारे लटका हुआ था जिसमें विशाल सांप भी मौजूद था। पुलिस ने युवक का रेस्क्यू कर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

**नशे की हालत में चोरी करने गया था युवक:** पुलिस की पूछताछ में पता चला कि युवक सम्भर सिहं (23) ग्राम पौनी थाना करनपठार जिला अनूपपुर का रहने वाला है। वह पल्लेदारी का काम करता है। चंदास नदी के ऊपर शराब पीने के बाद नशे की हालत में वह खेत में बने घर के गेट पर चला गया था। जब मकान मालिक के चिल्लाने की आवाज आई तो युवक घबराकर भागा और कुएं में गिर गया। तभी पीछा करते हुए खेत मालिक सीताशरण तिवारी ने पानी में छपाक की आवाज सुनकर घटना की सूचना पुलिस को दी।

## विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की विभाग बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विश्व हिंदू परिषद् सिंगरौली विभाग की विभाग बैठक सीधी जिले के त्रिवेणी पैलेस सिंगरौली रोड डैनिहा सीधी मे संपन्न हुई। उक्त विभाग बैठक में विश्व हिंदू परिषद भोपाल क्षेत्र मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह पवार, प्रांत मंत्री उमेश माधव मिश्रा, सिंगरौली विभाग मंत्री एडवोकेट एवं वरिष्ठ पत्रकार पुजेरी लाल मिश्रा मंचासीन रहे। विभाग बैठक दो सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र उद्घाटन सत्रद्ध संगठन की आचार्य पद्धति, परिचय तथा पिछले छमाही कार्यों की चर्चा, धर्म रक्षा निधि का हिसाब, कार्यकर्ता विकास विमर्श, कार्यकर्ता के वर्ग प्रशिक्षण की जानकारी। द्वितीय सत्र मे आगामी छमाही कार्य योजनाए पंच परिवर्तन एवं वर्तमान चुनौतियां पर माननीय क्षेत्र संगठन मंत्री का उद्बोधन, विभाग के प्रत्येक जिले सीधी एवं सिंगरौली के प्रत्येक प्रखंड खंड चिन्हित ग्रामों में समिति का निर्माण के विषय पर चर्चा के उपरांत समापन मंत्र एवं जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

## विहिप की आड़ में पिता-पुत्र ने मचाया आतंक




**मीडिया ऑडीटर, उमरिया निप्र।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिला में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी और पुत्र गोविंद ने दहशत मचा रखी है। जहां पिता पुत्र विहिप की आड़ में आये दिन मार-पीट, गुंडागर्दी,जान से मारने की धमकी एवं साशकीय जमीनों पर कब्जे जैसी घटनाएं अब पिता-पुत्र के लिए आम बात सी हो गई है इन्हें न कानून का डर है और न ही लॉ एंड ऑर्डर की चिंता। परिणाम स्वरूप इनके खिलाफ थानों में लंबित मामलों की लंबी फेहरिस्त धूल फांक रही है।

विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के दिन उमरिया में विहिप द्वारा रैली का आयोजन किया गया जिससे तत्कालीन जिलाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी नदारद दिखे वहीं कांग्रेस के युवा संगठन रैली में सुरेश द्विवेदी की सक्रिय भूमिका देखी गई जिसकी शिकायत विहिप कार्यकर्ताओ ने प्रांत मंत्री को लिखित तौर पर की मगर सुरेश की ठसक ऐसी कि प्रांत मंत्री के कान में जू तक नही रेंगी।

**अवैध हथियारों का जत्था :** सूत्र बताते है कि सुरेश द्विवेदी के पास दो लाइसेंसी बंदूखें है मगर सोशल मीडिया अगर खंगाला जाय तो आधा सैकड़ा अवैध हथियारों के साथ तस्वीरें मिल जाएंगी, मगर पुलिस और प्रशासन की नजर इस पर नहीं पड़ती। सूत्रों की माने तो आदर्श आचार संहिता चुनाव के दौरान भी उसके द्वारा सभी हथियार जमा नहीं किये गए।

# टीआई ने युवक के साथ की धक्कामुक्की

## पीड़ित के हाथ में आई सूजन, शिकायत पर नहीं हुई सुनवाई, उल्टा दर्ज करवा दी एफआईआर

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत टिकरिया में बृजपुर थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह का गुरुवार सुबह से एक युवक के साथ धक्कामुक्की का वीडियो वायरल हो रहा है। घटना बुधवार (16 अक्टूबर) की है। वायरल वीडियो में टीआई भानु प्रताप सिंह युवक सतीश विश्वकर्मा (32) निवासी टिकरिया शाहनगर के हाथ को मरोड़कर उसे धक्का देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**युवक के सवाल पर भड़क उठे थे टीआई सिंह:** बताया जा रहा है कि युवक ने टीआई सिंह से बाइक नंबर प्लेट दुकानदार को पुलिस की गाड़ी में बैठाने को लेकर सवाल कर दिया था। इसी से नाराज होकर टीआई भानु प्रताप सिंह ने युवक के साथ धक्कामुक्की की। जिससे युवक सतीश के हाथ में सूजन भी आई गई है। पीड़ित ने घटना की शिकायत शाहनगर थाने में की है। हालांकि, मामले में पुलिस ने कार्रवाई न करते हुए पीड़ित के खिलाफ ही शासकीय काम में बाधा डालने का मामला दर्ज कर लिया है।

दरअसल, कल यानी बुधवार को बृजपुर थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह और अमानगंज थाने की पुलिस बाइक चोरी के मामले में जांच करने शाहनगर के टिकरिया गांव पहुंची थी। जहां पर एक रेडियम नंबर दुकान पर कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक को पुलिस की गाड़ी में बैठाने लगे। इसे देखकर मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान पीड़ित सतीश विश्वकर्मा निवासी टिकरिया शाहनगर ने टीआई सिंह से दुकानदार के पकड़ने का कारण पूछा लिया।

**पीड़ित के खिलाफ ही पुलिस ने दर्ज कर लिया केस:** आरोप हैं कि यही बात टीआई भानुप्रताप सिंह को नागवार लगी। इसके बाद सतीश विश्वकर्मा के मोबाइल को झपटते हुए उसके साथ धक्कामुक्की करते हुए उसका हाथ तक मरोड़ दिए। जिससे सतीश विश्वकर्मा के हाथ में सूजन आ गए हैं। पीड़ित में मामले को लेकर स्थानीय थाने शाहनगर में लिखित शिकायत दी है। हालांकि, पुलिस उसके खिलाफ ही शासकीय काम में बाधा डालने के मामले में पवई थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं एसडीओपी सौरव रत्नाकर ने बताया कि बृजपुर थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह और अमानगंज थाने की पुलिस बाइक चोरी के मामले में जांच करने शाहनगर के टिकरिया गई थी। जहां एक बाइक में रेडियम नंबर प्लेट की दुकान में कार्रवाई करने पहुंची। तो सतीश नाम के युवक से बृजपुर थाना प्रभारी के विवाद का घटनाक्रम हुआ है। जिसमें सतीश विश्वकर्मा नाम के युवक पर शासकीय काम में बाधा डालने के बदले में एफआईआर दर्ज की है।

**थाना प्रभारी ने पत्रकार का मोबाइल छीना था:** एक महीने के भीतर थाना प्रभारी बृजपुर भानू प्रताप सिंह के युवक के साथ धक्कामुक्की करने का दूसरा मामला सामने आया है। इससे पहले भी स्थानीय पत्रकारों के साथ अभद्रता के आरोप लग चुके हैं। दरअसल, बृजपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का मामला सामने आया था। जिसके बाद स्थानीय पत्रकार घटित हुई घटना के बारे में जानकारी के लिए आपरेशन कक्ष के सामने हॉल में खड़े हुए थे। उसी दौरान थाना प्रभारी बृजपुर भानू प्रताप सिंह आपरेशन कक्ष से बाहर निकलते थे। जिसे देखकर पत्रकार के खिलाफ भड़क उठे थे। इतना ही नहीं एक पत्रकार का मोबाइल छीन कर फेंक दिया। आगे कहा- तुम लोग इस मामले का किसी प्रकार से कवरेज नहीं करोगे। कवरेज करोगे तो अच्छा नहीं होगा। फर्जी मामला बनाकर अंदर कर दूंगा।

# विचार

## उत्तर प्रदेश के उप-चुनाव में भी भाजपा हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद के सहारे

लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा। इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भले ही संविधान,आरक्षण और जातीय समीकरण साध कर बीजेपी की हिन्दुत्व की राह में रोड़े बिछा दिये थे, लेकिन कहते हैं कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है और हाल ही में सम्पन्न हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधान सभा चुनाव में बीजेपी के हिन्दुत्व ने एक बार फिर हुंकार भरी और कांग्रेस के हरियाणा में सरकार बनाने के सपने चूर-चूर हो गये। इसी से उत्साहित बीजेपी अब यूपी के उप चुनाव में भी हिन्दुत्व की पिच पर बैटिंग करने का मन बना चुकी है। जातीय समीकरण को साधने के लिए भाजपा फिर हिंदुत्व के एजेंडे का इस्तेमाल करेगी। कहा जा रहा है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का फायदा भाजपा यूपी के उपचुनाव में भी उठाना चाहती है। पार्टी का भी मानना है कि हिंदुत्व के फार्मूले से जातीय समीकरण साधने में उसे मदद मिलेगी। भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व यूपी की नौ विधानसभा सीटों के लिए नवंबर में होने वाले उपचुनाव में हिंदुत्व के साथ राष्ट्रवाद के फार्मूले का परीक्षण करेगी। लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा। दरअसल, हरियाणा में लगातार तीसरी बार और 2014 व 2019 के मुकाबले ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाकर भाजपा ने सारे कयासों को झुठला दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का करिश्मा भाजपा भले ही नहीं कर पाई हो, लेकिन वहां मिले सबसे ज्यादा वोटों ने पार्टी में नई उम्मीद जगाई है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में आए नतीजों को कांग्रेस ने भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति से विदाई के तौर पर प्रचारित किया। अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर ने इसे एक तरह से खारिज कर दिया है। साफ है कि अब भाजपा यूपी के उपचुनाव में हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देगी। इसका असर प्रदेश में दिखने भी लगा है। हालांकि, भाजपा के एजेंडे की काट को लेकर कांग्रेस और सपा ने भी तैयारी शुरू कर दी है। बता दें हरियाण की तरह जम्मू-कश्मीर में भी ज्यादातर हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद दिखे। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, हिंदू लामबंदी जिस तरह जातीय गोलबंदी पर भारी पड़ती दिखी है, वह यह बताने को पर्याप्त है कि बंटोगे तो कटोगे के नारे ने नतीजों पर असर डाला है। जाहिर है कि भाजपा इसे और धार देगी ताकि यूपी में 2014 से लेकर 2022 जैसे समीकरणों को फिर मजबूत किया जा सके।

# हिन्दू पर्वों से इतनी नफरत क्यों और उन पर हमले कब तक?

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है, प्रदेश की सशक्त कानून व्यवस्था के कारण ही न केवल योगी सरकार पुनः सा में आई है वरन उसका प्रभाव अन्य प्रान्तों की चुनावी राजनीति पर भी पड़ रहा है। हिंदू पर्वों नवरात्र व विजयादशमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से लेकर उर प्रदेश सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में जिस प्रकार दुर्गा प्रतिमाओं को खंडित करके अपमानित किया गया, मूर्ति विसर्जन में बाधा डाली गई, शोभा यात्राओं पर हमले किये गए उससे निंदनीय कृत्य नहीं हो सकते। इससे भी निंदनीय है मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए एकतरफा विकृत बयानबाजी करके उस हिंसा का बचाव किया जाना। स्वतंत्रता के बाद के इतने वर्षों में हिंदू समाज के लोगों ने कभी भी किसी भी मजहब के पर्वों में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं डाला वरन सदा सहिष्णुता का परिचय देते हुए उनके पर्वो को मनाने में सहयोग ही किया है। इसके विपरीत मुस्लमान कभी भी हिन्दुओं को उल्लास, उत्साह और प्रसन्नता के साथ कोई पर्व मनाने नहीं देते हमेशा पत्थर, बोतल, और बम लेकर हमले के लिए तैयार रहते हैं। ऐसा कब तक चलेगा?**




उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है, प्रदेश की सशक्त कानून व्यवस्था के कारण ही न केवल योगी सरकार पुन: सत्ता में आई है वरन उसका प्रभाव अन्य प्रान्तों की चुनावी राजनीति पर भी पड़ रहा है। दूसरी तरह कुछ राजनैतिक दल और उनका वोट बैंक हर दिन प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाडने का प्रयास कते रहते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इसी वोट बैंक ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में पूर्व नियोजित रूप से पथराव करके वातावरण बिगाड़ने में कामयाबी पा ली और और निर्दोष राम गोपाल मिश्रा को अपने प्राण गंवाने पड़े।

शांति भंग करने का प्रयास केवल बहराइच में ही नहीं हुआ, विजयादशमी के पूर्व ही समुदाय विशेष ने लखनऊ और आजमगढ़ में देवी प्रतिमाओं को खंडित कर वातावरण बिगाड़ने का प्रयास किया। लखनऊ में प्रतिष्ठित मरी माता मंदिर में देवी प्रतिमा को खंडित किया गया, आजमगढ़ में मां लक्ष्मी की प्रतिमा को खंडित किया गया, गोंडा जिले में दुर्गा पंडाल के बाहर पत्थरबाजी की गई, हरदोई जिले में भी अरजकतत्वों ने नवरात्रि के समय में ही मंदिर में स्थापित देवी की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया जिसके कारण तनाव उत्पन्न हुआ किंतु ग्रामीणों व पुलिस की सतर्कता के कारण बड़ा उपद्रव नहीं हो सका। इसी प्रकार रायबरेली जिले के बछरावां में चंद्रिका देवी मंदिर में रखी चार मूर्तियां अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दीं। इसी प्रकार अंबेडकरनगर के बेताना में और बाराबंकी के कसबा इचौली में विसर्जन जुलूस के दौरान आपत्तिजनक वस्तु फैंकी गई और उपद्रव करने का प्रयास किया गया। आजमगढ़ में दूसरी बार निजामाबाद मे विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। यहां पर 48 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आगरा के बमरौली कटारा के समोगर घाट पर यमुना में मूर्ति विसर्जन में बाधा डालने के उद्देश्य से धर्म विशेष के दो युवकों ने चौकी प्रभारी मुकेश कुमार पर हमला बोल दिया। उनका गला दबाया और जमीन पर गिराकर पीटा। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के आने पर ही वह किसी प्रकार से बच सके किंतु यहां पर भी लापरवाही के कारण वह दोनों युवक भाग निकलने मे सफल हो गये। बिजनौर जिले में मंदिर से रामचरित मानस को चोरी कर जला दिया गया।

आखिर यह सब मानसिक विकृति नहीं तो और क्या है? नवरात्र और दुर्गापूजा के अवसर पर प्रदेश में जिस प्रकर की घटनाएं घटी हैं यदि विहंगम दृष्टि डाली जाए तो सबका पैटर्न लगभग एक समान है। यह सभी घटनाएं देखने व सुनने में छुटपुट जरूर हैं किंतु इनका उद्देश्य सामूहिक है। केंद्र सरकार ने पीएफआई जैसे कुख्यात संगठनों को प्रतिबंधित अवश्य कर दिया है किंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके स्लीपर सेल लगातार अपना कार्य कर रहे हैं।

दुर्गा पूजा, विजयदशमी, रामनवमी, गणेशोत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा के महत्वपूर्ण पर्व हैं, पहचान हैं हमारी संस्कृति के इनसे या इनको मनाने वालों से किसी को क्या शत्रुता हो सकती है? बहराइच जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बाईस वर्षीय हिन्दू युवक राम गोपाल मिश्र बलिदान हो गया, मुसलमानों ने अत्यंत क्रूरता से उसकी हत्या कर दी किंतु प्रदेश में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इस अवसर पर भी अपने वोट बैंक को साधते दिखाई दिए।

ये मुस्लिम तुष्टिकरण वाले दल पहले सरकार और प्रशासन की विफलता को दोष दे रहे थे और अब जब सख्ती बरती जा रही है तब कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार एकतरफा कार्यवाही कर रही है। अब उन्हें केवल योगी का इस्तीफा चाहिए क्योंकि अब पत्थरबाजों के हिसाब किताब का समय है। जब दुर्गापुजा और गणेशोत्सव पर ऐसे ही एकतरफा हमले होंगे तो कभी न कभी हिन्दू समाज का धैर्य भी जवाब देगा, यदि हिन्दू समाज भी ऐसा ही करने लगे तो?

बहराइच की घटना में एक निर्दोष 22 वर्षीय हिंदू युवक की बर्बरता पूर्ण हत्या कर दी जाती है तो मीडिया का एक वर्ग भी अल्पसंख्यकों के पक्ष में मौन धारण कर लेता है लेकिन बाबा सिद्दीकी नाम के अपराधी जो तुष्टिकरण करने वालों की कृपा सफेदपोश हो गया उसके लिए आंसू बहा रहा है। ये यह एकतरफा सेकुलरिज्म अब बहुत दिनों तक चलने वाला नहीं है। दूसरी ओर अब हिंदुओं को भी यह बात समझनी होगी कि अपनी सुरक्षा के लिए आप किसी पर निर्भर नहीं रह सकते, अपने आपको इतना सशक्त बनाना होगा कि कोई भी आपके पर्वों को दु:ख के पर्व में बदलने का दुस्साहस करने के बारे में सोच भी न सके।

## क्वॉड के गठन का प्रस्ताव

दुनिया क्वॉड को इसी रूप में जानती है कि यह इस समय अमेरिका की तरफ से चीन को घेरने के लिए बनाए जा रहे अनेक समूहों में से एक है। इसलिए इशिबा ने जो कहा, उससे भारत के अलावा किसी को परेशानी नहीं हुई है।

जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा चीन के प्रति सख्त रुख के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने अपनी विदेश संबंधी प्राथमिकताएं वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक- हडसन इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित एक लेख में बताई। इसमें उन्होंने चीन का मुकाबला करने के लिए एशियाई नाटो बनाने का आह्वान किया। इशिबा ने कहा कि एशियाई नाटो बनाने की जरूरत इस तथ्य से उपजी है कि अमेरिका की ताकत में तुलनात्मक कमी आई है। तो उन्होंने सुझाव दिया कि चार देशों- अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत- के समूह क्वॉड को एशियाई नाटो की भूमिका ग्रहण करनी चाहिए।

इस बयान से भारत असहज हुआ है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस पर कहा कि भारत एशियाई नाटो का समर्थन नहीं करता। वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत जापान की तरह सैन्य गठबंधनों पर निर्भर नहीं है और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए उसकी अपनी अलग रणनीति है। कहा- हम वैसे किसी रणनीतिक ढांचे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

क्वॉड के गठन का प्रस्ताव मनमोहन सिंह सरकार के जमाने में ही आया था। लेकिन भारत ने ऐसे किसी समूह में शामिल होने से इनकार किया, जिसकी स्पष्ट पहचान किसी अन्य देश (यानी चीन) के विरुद्ध हो। नरेंद्र मोदी सरकार ने इस नीति को बदल कर क्वॉड का सदस्य बनने का निर्णय लिया। लेकिन तब से वह यह कहने में काफी ऊर्जा लगाती रही है कि यह समूह किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक एजेंडा है। कोरोना महामारी के दौर में ऐसा एजेंडा दिखाने के लिए वैक्सीन सहयोग की बात प्रचारित की गई।

लेकिन बाकी तीन देशों की ऐसी कोशिश नहीं रही है। दुनिया क्वॉड को इसी रूप में जानती है कि यह इस समय अमेरिका की तरफ से चीन को घेरने के लिए बनाए जा रहे अनेक समूहों में से एक है। इसलिए इशिबा ने जो कहा, उससे भारत के अलावा किसी को परेशानी नहीं हुई है। बल्कि सवाल यह उठा है कि भारत ने खुद को अमेरिका की एशिया-प्रशांत रणनीति से संबंधित किया है, तो फिर यह कहने से उसे गुरेज क्यों है?

# भारत का कार्बन बाज़ार - उत्सर्जन से निपटने और हरित प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए नई रूपरेखा

**अशोक कुमार, - सौरभ दिद्दी**

भारत ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने और अपने महत्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, दो आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो भारतीय कार्बन बाजार (आईसीएम) के भविष्य को आकार देंगे। ये अनुपालन व्यवस्था के लिए विस्तृत प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियों के लिए मान्यता प्रक्रिया और पात्रता मानदंड हैं। आशा है कि वे मिलकर कार्बन उत्सर्जन की मात्रा निर्धारित करने और कार्बन क्रेडिट के व्यापार को सुविधाजनक बनाने के भारत के प्रयासों को उत्प्रेरित करेंगे, जिससे देश अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को अपनाएगा। भारत की जलवायु रणनीति, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) में उल्लिखित है। भारत ने न केवल इसे पूरा किया है बल्कि अपने कई लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर लिया है। वर्ष 2016 में हस्ताक्षरित, पेरिस समझौते का उद्देश्य सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करना था। भारत ने शुरू में वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 33-35 प्रतिशत तक कम करने का वादा किया था। हालाँकि, भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए इस लक्ष्य को समय से पहले ही प्राप्त कर लिया। अपनी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए, 2021 में ग्लासगो में पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी-26) में, भारत ने और भी अधिक आक्रामक लक्ष्य निर्धारित किए। इसने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने, वर्ष 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और उसी समय सीमा के भीतर गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी 50 प्रतिशत बिजली उत्पन्न करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इनमें से कुछ प्रमुख उपलब्धियां तय समय से पहले ही हासिल करके, भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयास में नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। लेकिन हम वहां कैसे पहुंचे? यहीं पर भारतीय कार्बन बाजार (आईसीएम) आता है। विचार सरल है- यदि कोई कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करती है, तो वह कार्बन क्रेडिट नामक कुछ अर्जित करती है, जिसे वह अन्य कंपनियों को बेच सकती है जो अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह एक पुरस्कार प्रणाली की तरह है - जो कंपनियाँ पर्यावरण के लिए बेहतर काम करती हैं वे पैसा कमा सकती हैं, जबकि जिन्हें सुधार के लिए अधिक समय की आवश्यकता है वे अपने अतिरिक्त उत्सर्जन की भरपाई के लिए क्रेडिट खरीद सकती हैं। भारतीय कार्बन बाजार को एक व्यापक और पारदर्शी प्रणाली की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास को गति देते हुए डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा दे सके। भारतीय कार्बन बाजार, उत्सर्जन मूल्य निर्धारण पर बल देने के साथ, इस संतुलन को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था प्रस्तुत करता है। कंपनियों को कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने की अनुमति देकर, भारत का लक्ष्य सार्वजनिक और निजी दोनों हितधारकों को अपने कार्बन उत्सर्जन को सक्रिय रूप से कम करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे देश को लागत प्रभावी और बडे पैमाने पर डीकार्बोनाइज करने में सक्षम बनाया जा सके।

**भारतीय कार्बन बाज़ार ढांचे का निर्माण:** भारतीय कार्बन बाजार की नींव वर्ष 2022 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन के साथ रखी गई थी, जिसने सरकार को कार्बन क्रेडिट व्यापार योजना (सीसीटीएस) स्थापित करने का अधिकार दिया। यह योजना भारत को वैश्विक कार्बन बाजार प्रथाओं के साथ जोड कर कार्बन व्यापार को संचालित करने के लिए आवश्यक नियामक संरचना प्रदान करती है। सीसीटीएस, जून 2023 में पेश किया गया और दिसंबर 2023 में और संशोधित किया गया, जो दो प्रमुख व्यवस्थाओं- अनुपालन और ऑफसेट के माध्यम से कार्बन व्यापार के लिए एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करता है।

अनुपालन व्यवस्था उन उद्योगों और क्षेत्रों को लक्षित करता है जिन्हें बाध्य संस्थाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन संस्थाओं को सरकार द्वारा निर्धारित विशिष्ट ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (जीईआई) लक्ष्यों को पूरा करना आवश्यक है। यदि कोई बाध्य इकाई अपने उत्सर्जन को निर्धारित लक्ष्य से कम कर देती है, तो उसे कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिसका ट्रेडिंग एक्सचेंज पर कारोबार किया जा सकता है। इसके विपरीत, जो संस्थाएँ अपने लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहती हैं, उन्हें अपने अतिरिक्त उत्सर्जन की भरपाई के लिए क्रेडिट खरीदना होगा। यह बाज़ार-संचालित व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि कंपनियों को उत्सर्जन में कटौती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे यह भारत के लिए अपनी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए एक आवश्यक उपकरण बन सके। ऑफसेट व्यवस्था गैर-बाध्यकृत संस्थाओं को कार्बन बाजार में स्वेच्छा से भाग लेने की अनुमति देकर अनुपालन प्रणाली को पूरक करता है। ये संस्थाएं, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं या उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से पहल शामिल हो सकती हैं, कार्बन क्रेडिट के लिए अपनी गतिविधियों को पंजीकृत कर सकती हैं। समग्र उत्सर्जन में कमी में योगदान देकर, इन परियोजनाओं को कार्बन क्रेडिट से सम्मानित किया जाता है जिसका व्यापार किया जा सकता है। इससे भारत के कार्बन बाजार में प्रतिभागियों के एक व्यापक नेटवर्क को प्रोत्साहन मिलता है।

**अनुपालन और सत्यापन का समर्थन करने के लिए नए दिशानिर्देश-** अनुपालन व्यवस्था की विस्तृत प्रक्रिया बताती है कि कार्बन बाजार प्रणाली कैसे काम करती है। यह कंपनियों को दिखाता है कि वे अपने उत्सर्जन स्तर की कैसे निगरानी और रिपोर्ट कर सकते हैं और यदि वे अपने उत्सर्जन-कटौती लक्ष्यों को पूरा करते हैं या पूरा करते हैं तो वे कार्बन क्रेडिट कैसे अर्जित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई सीमेंट कंपनी अपने उत्सर्जन को आवश्यकता से अधिक कम कर देती है, तो वह अतिरिक्त कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकती है।

## धनवान बनाने की आड़ में गोरखधंधा

*आज के इस दौर में हर कोई रातों रात अमीर बनने का ख्वाब मन में पाले रहता है। किसी के दिल में यह बात रहती है कि मै भी विलासिता पूर्ण जिंदगी व्यतीत करूं और शहर के बीचों बीच महंगा आलीशान बंगला या घर हो लेकिन ऐसा हर कोई को संभव नहीं लेकिन चाहते सभी लोग हैं और इसी का फायदा उठा रहे हैं व्यापार करने वाले।...... धन प्राप्ति के लिए लोग खर्च कर रहे हैं पैसा..... लोगों को भ्रम जाल में डालकर कर रहे हैं व्यापार...... देखा जाए तो लोगों को सब्ज बाग दिखाने वाले ये कथित व्यापारी खुद तो मालामाल हो रहे हैं लेकिन दूसरों को अंधविश्वास की बेडियों में जकड़कर उन्हें कंगाल करने एवं कंनफ्यूज करने का कुत्शित प्रयास कर रहे हैं और लोग इनके लोक लुभावन शब्दजाल में फंसकर मुंह मांगी कीमत अमीर बनने के लिए कर रहे हैं। आप घर में बैठे हैं और बैठे-बैठे यह सोचें की रसोई न जाना पड़े और भोजन बन जाए तो क्या ऐसा संभव है। लेकिन इस समय कुछ कंपनी के द्वारा ऐसा दुष्प्रचार-प्रसार किया जा रहा है कि हमारे द्वारा बनाए गए श्री लक्ष्मी कुबेर धन वर्षा यंत्र आपको न केवल धन- धान्य से परिपूर्ण कर देंगे बल्कि आपके जीवन में सुख शांति भी आएगी। जिसकी कीमत हजारों रुपए बताई जाती है। वहीं धर्म शास्त्र और वेद पुराण पर नजर दौड़ाए तो हमारे महर्षियों संतों ने यह बात लिखी है कि इंसान को कर्म करना चाहिए और यही बात श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण ने भी कहा है। मानव यदि कर्म न कर बैठा रहे तो उसे कुछ नहीं मिलता। यह बात तो सभी जानते हैं लेकिन कथित कंपनी अपने व्यापार व्यवसाय को बढ़ाने और पैसा कमाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही है। जिसके चक्कर में फंसकर लोग इन यंत्रों को खरीद रहे हैं।.... क्या कहते हैं हमारे आचार्य..... अंधविश्वास अभी हमारे देश से दूर नहीं हुआ है। यंत्र बुरे नहीं होते लेकिन जिस तरह से इन दोनों इनका व्यापार- व्यवसाय किया जा रहा है वह गलत है। जो चीज मानव को 10 से 10 रुपए में मिल जाती है उसे हजारों रुपए में बेचना नाजायज है....*



***सुप्रसिद्ध कथा वाचक भागवताचार्य आशीषाचार्य जी***

# भू-माफिया ने बेच दी 11 एकड़ सरकारी जमीन

## निगम ने अवैध कब्जे की मकान-दुकानों को ढहाया, माफिया के बजाए खरीदारों को बनाया आरोपी





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में नगर निगम क्षेत्र की 11 एकड़ सरकारी जमीन पर पहले भू-माफिया ने कब्जा किया, फिर उसे 94 लोगों को बेच दिया। निगम प्रशासन की जांच में जब मामला सामने आया, तब उसके अवैध कब्जे की मकान और चार दुकानों को ढहा दिया गया है।

दावा किया गया कि, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। लेकिन, अब नगर निगम ने उल्टा स्टाम्प पेपर में एग्रीमेंट कर जमीन खरीदी करने वालों को ही आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है। पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के बहतराई का है।

**5 साल पहले किया था कब्जा:** दरअसल, करीब 5 साल पहले बहतराई ग्राम पंचायत को नगर निगम की सीमा में शामिल किया गया। इसी दौरान खमतराई की करीब 11 एकड़ सरकारी जमीन पर मणिशंकर त्यागी ने अवैध कब्जा कर लिया। बाद में उसने भूमि को अलग-अलग 94 लोगों को बेच दिया। राजस्व और निगम प्रशासन ने जब मामले की जांच कराई, तब इसका खुलासा हुआ।

जिसके बाद चार दिन पहले निगम प्रशासन ने पहले मणिशंकर त्यागी को जमीन और निर्माण संबधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया। लेकिन, उसने कोई रिकार्ड पेश नहीं किया। जिस पर नगर निगम ने मणिशंकर त्यागी के मकान और चार दुकानों पर बुलडोजर चलाकर उसे ढहा दिया। साथ ही दावा किया कि उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराई जाएगी।

**खरीदारों पर एफआईआर दर्ज कर भेज दिया जेल:** हैरानी की बात है कि, जिस भू-माफिया ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया। साथ ही उसे दूसरे लोगों को स्टाम्प पेपर में बेच दिया। उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, दूसरी तरफ तहसीलदार और राजस्व अफसरों से मिलकर खरीदारों को आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज करा दी है।

सरकंडा पुलिस ने इस केस में राजस्व निरीक्षक रमेश कुमार वैष्णव की रिपोर्ट पर सरकारी जमीन खरीदने वाले शरद यादव, संजय जायसवाल, मधुसुदन राव, श्रीनिवासराव, सुक्रिता बाई सूर्यवंशी, परमेश्वर सूर्यवंशी, चित्ररेखा साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। साथ ही उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

**गायत्री ग्रीन कॉलोनी में भी अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर:** बुधवार को लिंगियाडीह के गायत्री ग्रीन कॉलोनी में नगर निगम की अतिक्रमण टीम कार्रवाई की। यहां के लोगों ने शिकायत की थी कि राघवेन्द्र गुप्ता और हितेश साहू ने उन्हें धोखे में रखकर अवैध रूप से जमीन की खरीदी-बिक्री करते हुए अवैध प्लाटिंग कर दी है। उन्होंने कॉलोनीवासियों को सड़क-नाली, बिजली की सुविधा का झूठा आश्वासन दिया था।

जिस पर निगम की टीम ने यहां बिना अनुमति के नाली और सड़क निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। वहीं, कालोनी के रहवासियों ने इस मामले में राघवेंद्र गुप्ता सहित अन्य के खिलाफ अवैध प्लाटिंग कर धोखाधड़ी करने की शिकायत की है।

**उसलापुर में अवैध निर्माण को ढहाया:** इसी तरह निगम के तोड़ू दस्ता ने बुधवार को उसलापुर में अवैध निर्माण को ढहा दिया। यहां भगवती नवरंग नगर निगम की अनुमति के बगैर मकान निर्माण करा रही थी। इसके लिए उन्होंने ले-आउट और नक्शा भी पास नहीं कराया है।

# अवैध रेत परिवहन करते 10 वाहन जब्त

## खनिज विभाग ने की कार्रवाई, 15 अक्टूबर से शुरू हुआ है रेत खनन



**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** बलौदाबाजार जिले में रेत घाट चालू होते ही अवैध रेत परिवहन की गतिविधियों में तेजी आ गई है। खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए रेत घाटों के चालू होने के दूसरे दिन ही कसडोल और लवन इलाके में अवैध रेत परिवहन करते 5 हाईवा और 5 ट्रैक्टर को जब्त किया है। विभाग ने इन वाहनों को कसडोल थाने में सौंप दिया है।

खनिज विभाग की टीम ने जिले के बल्दाकछार, चिचपोल, दतान खैरा, कटगी रेतघाटों पर यह कार्रवाई की। जहां अवैध तरीके से रेत का परिवहन किया जा रहा था। मंत्री टंक राम वर्मा और कसडोल विधायक संदीप साहू के निर्देश पर खनिज विभाग ने यह कार्रवाई की है। जिसमें गौड़ खनिज नियम 2015 और गौण खनिज नियम 1960 के तहत अर्थदंड और जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

**जांच जारी रहेगी:** खनिज विभाग ने बताया कि, आगे भी इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण और जांच जारी रखी जाएगी। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासन का यह कदम न केवल अवैध खनन पर रोक लगाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**15 अक्टूबर से शुरू हुआ रेत खनन:** प्रदेश में रेत खनन 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया जिसमें बलौदा बाजार जिले में करीब दर्जन भर से अधिक घाट प्रारंभ हो गया मगर उन घाटों से निकलने वाले गाड़ियों में रॉयल्टी नहीं दिए जाने के कारण 5 हाइवा और 5 टैक्टर को खनिज विभाग ने अवैध परिवहन करते पकड़ा है ।इस कार्यवाही से रेत माफियों में हड़कंप मच गया है।

# पसौरी व्यपवर्तन जिणोद्धार के बाद बढ़ी 243 हे. में सिंचाई की क्षमता



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पसौरी में निर्मित पसौरी व्यपवर्तन के जीर्णोद्धार से क्षेत्र की सिंचाई क्षमता को पुनः सृजित किया जा सका है। गौरतलब है कि जीर्णोद्धार पश्चात विगत रबी फसल में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकी है और लगभग 243 हे. क्षेत्र में सिंचाई क्षमता पुनः सृजित हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत सत्र 2023-24 में ग्राम पसौरी तहसील केल्हारी में निर्मित लघु सिंचाई योजना पसौरी व्यपवर्तन का जीर्णोद्धार किया गया था। व्यपवर्तन योजना का रूपांकित सिंचाई क्षमता 194 हे. खरीफ एवं 49 हे. रबी, कुल 243 हे. है। इस योजना से ग्राम पसौरी और डोड़की के कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है। जीर्णोद्धार से पूर्व नहर के खराब स्थिति के कारण ग्राम पसौरी तक नहर का पानी पहुंच नहीं पा रहा था। जीर्णोद्धार पश्चात संभव हो पाया है कि जुलाई माह में खरीफ में रोपा के लिये पर्याप्त पानी नहरों से दिया गया है।

# 5 लाख लेकर फरार हुआ बैंक का कैशियर

## ग्राहकों के पैसे खाते में जमा ही नहीं किए, मैनेजर की शिकायत पर मामला दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक का कैशियर 5 लाख रुपए लेकर फरार हो गया है। बैंक मैनेजर की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। फरार कैशियर की खोजबीन की जा रही है। इस बीच एक टीम ओडिशा से बैरंग लौट आई।

इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कोरबा समेत रायपुर ,बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ के अलावा कई क्षेत्रों में अपनी शाखाएं खोल रखी हैं और इनके माध्यम से वित्तीय लेनदेन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोरबा के सिविल लाइन क्षेत्र में निजी बैंक की शाखा संचालित है।

**ग्राहकों के पैसे खाते में जमा नहीं किए:** बैंक में कैशियर के पद पर बीरेंद्र गिरना पिछले कई सालों से काम कर रहा है। फील्ड से वसूली का पैसा और ग्राहक का पैसा कैशियर के पास जमा होता है। मैनेजर को लगा कि कैशियर ने पैसे जमा कर दिए होंगे, लेकिन ऑनलाइन चेक करने पैसे जमा ही नहीं हुए थे।

**मोबाइल बंद कर हुआ फरार कैशियर:** कैशियर ने दूसरे दिन भी पैसे जमा नहीं किए। फोन करने पर मोबाइल बंद दिखा रहा था। बैंक में हिसाब किया गया तो पता चला कि कैशियर लगभग 5 लाख लेकर फरार हो गया है। इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई।

सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि बैंक मैनेजर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है और कैशियर की तलाश की जा रही है। एक टीम ओडिशा रवाना किया था, जहां से टीम लौट आई है। आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

# शरद पूर्णिमा पर बांटी गई जड़ी-बूटी युक्त खीर

## मां-पाताल भैरवी मंदिर पहुंचे हजारों लोग, 27 सालों से किया जा रहा प्रसाद का वितरण



**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव एजेंसी।** राजनांदगांव के मां पाताल भैरवी मंदिर बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर बुधवार की रात्रि में मनाई गई। इस अवसर पर स्वास, दमा और अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बूटी युक्त खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा की भी प्रस्तुति हुई।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि पिछले 27 सालों से दुर्लभ जड़ी बुटि एकत्रित कर पौराणिक मान्यताओं अनुसार जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसादी तैयार कर स्वास, दमा और अस्थमा पीड़ितों को ब्रम्हमुहूर्त में वितरित करते आ रहे हैं।

इस साल भी संस्था ने लगभग 30 हजार से भी ज्यादा पीड़ितों और भक्तों के लिए खीर प्रसाद तैयार करवाया, जिसका रात्रि चन्द्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित किया गया।

इसके साथ ही संस्कारधानी के लोक कलाकार विष्णु कश्यप द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस और पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य की प्रस्तुति दी गई, जिसका भक्तों ने पूरा लुफ्त उठाया।

आयोजन में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम का पूरा सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी,कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ मौजूद रहे।

# पावर हाउस फल मंडी में लगी भीषण आग

## फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, एक सप्ताह बाद सजने वाली थीं पटाखों की दुकानें



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में पावर हाउस फल मार्केट में बुधवार रात 8 बजे आग लग गई। जिससे दो फल दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बिजली खंभे में शॉर्ट सर्किट वजह बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, आग लगने पर पहले बुझाने में व्यापारी जुट गए। सीज फायर एक्सटेंशन का भी इस्तेमाल किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फिर एक घंटे बाद दुर्ग से दमकल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

एसडीआरएफ की टीम ने एक दमकल गाड़ी पानी का उपयोग कर करीब एक घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों का कहना है कि, आग अधिक नहीं फैली, इसलिए बड़ा हादसा होने से टल गया। क्योंकि कुछ दूरी पर बड़े पटाखा व्यापारी की दुकान है।

**एक साल पहले भी लगी थी आग:** एक साल पहले भी पावर हाउस फल मंडी और उसके आसपास आग लग चुकी है। उसमें भी पूरी की पूरी दुकानें जलकर राख हो गई थी। इसके बाद भी दुकान संचालक ऐसी अनहोनी से बचने के लिए अलर्ट नहीं है।

**दिवाली में सजती हैं पटाखे की दुकानें:** जिस जगह पर आग लगी है, वहां पटाखे की एक थोक दुकान है। इतना ही नहीं दिवाली से पहले यहां पटाखे की बड़ी मार्केट लगती है। जहां 50 से अधिक पटाखा की दुकानें लगती है। बताया जा रहा है कि, यदि आग और बढ़ती तो पटाखा दुकान तक भी पहुंच सकती थी।

**देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी:** व्यापारियों ने बताया कि, आग लगने की घटना रात करीब 8 बजे हुई। उन्होंने आग लगते ही पुलिस को इसकी सूचना दी। उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने के लिए पहुंची, लेकिन उसे यहां पहुंचने में लगभग एक घंटे का समय लगा। तब तक पूरी की पूरी दुकान जलकर राख हो गई।

# मैदानी कर्मचारियों को दिया गया गुड गवर्नेंस के लिए प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले के जनपद पंचायत खड़गवां के सामुदायिक भवन सभाकक्ष में गुड गवेर्नेन्स के चार गतिविधि के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गुड गवर्नेन्स के चार गतिविधियों "परिवार रोजगार कार्ड का सत्यापन एवं अद्यतन किया जाना, केश रिकार्ड/कार्य नस्ती का संधारण, नागरिक सूचना पटल बनाया जाना तथा सात पंजियों का संधारण" के क्रियान्वयन के लिए मैदानी स्तर के कर्मचारियों का आयोजित कार्याशाला में जानकारी देने एवं क्षमतावर्धन करने के निर्देश दिये गये। उक्त प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक रोजगार एवं तकनिकी सहायक सहित 112 कर्मचारी उपस्थित रहे। इन सभी कर्मचारियों को गुड गवर्नेंस के चारों गतिविधियों के सम्बन्ध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद गुप्ता, सहायक विस्तार अधिकारी राम कुमार लकड़ा एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजनारायण सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# निगम दफ्तर में राजस्व अफसर-पूर्व पार्षद की शराब पार्टी

## वीडियो बनता देख छिपाई बोतल, अधिकारी बोले- वह तो मना करने गए थे



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग नगर निगम में ड्यूटी के दौरान राजस्व अधिकारी और पूर्व पार्षद ने दारू पार्टी की। इस दौरान निगरानी के लिए उन्होंने एक आदमी को भी गेट के बाहर खड़ा कराया था। दोनों की शराब पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए हैं। वीडियो में शराब की बोतल टेबल पर रखकर राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता और पूर्व पार्षद प्रमोद पटेल बैठे दिखाई दे रहे हैं। कैमरा देखते ही उन्होंने वीडियो बनाने का विरोध किया। साथ ही अफसर ने कहा कि वह तो पूर्व पार्षद को मना करने गए थे। मामला बुधवार दोपहर को अतिक्रमण शाखा का बताया जा रहा है।

**शराब की बोतल उठाकर टेबल के नीचे रख दी:** नगर निगम में पहुंचे पत्रकार ने दोनों को कमरे में शराब पीता देखा तो वीडियो बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि यह देखकर दुर्गेश गुप्ता उठकर बाहर आ गए और मीडियाकर्मी को मना करने लगे। जबकि पूर्व पार्षद पटेल शराब की बोतल लेकर बैठे थे। इसके बाद उन्होंने शराब की बोतल उठाकर टेबल के नीचे रख दी।

**अधिकारी बोले- पूर्व पार्षद को मना करने गए थे:** जब राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पूर्व पार्षद प्रमोद पटेल शराब पीने बैठे हैं। वे तो उन्हें मना करने के लिए गए थे। वीडियो में दुर्गेश गुप्ता यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि कई बार ऐसा करना पड़ता है, मना नहीं कर सकते हैं।

**वीडियो बनाने से रोकने पर हुई बहस:** राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि पूर्व पार्षद प्रमोद पटेल निगम कार्यालय में बैठकर शराब पी रहे हैं। इस पर वो उन्हें मना करने गए थे। इसी दौरान पत्रकार ने उनका वीडियो बना लिया। उनका कहना है कि वो शराब नहीं पी रहे थे।

**कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश:** जब ये मामला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले में जांच के निर्देश दिए। एडिशनल कलेक्टर का कहना है कि मामले में कार्रवाई करने का अधिकार निगम आयुक्त को है।

# सेंट्रल जेल में गांजा-तंबाकू, सिगरेट-बीड़ी का रेट फिक्स

## परिजनों ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र, कहा-अपहरणकांड के कैदी को वसूली के लिए बनाया नंबरदार




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सेंट्रल जेल में गैंगवार के बाद जेल प्रबंधन पर बंदियों से अवैध उगाही करने का आरोप लगा है। यहां जेल में बीड़ी, तंबाकू, गांजा और नशीली दवाइयां कैदियों को आसानी से उपलब्ध हो जाती है। इसके एवज में उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। जेल में नशे के हर सामान की कीमत तय है। अवैध वसूली में जेल डीजी तक के मिलीभगत होने का आरोप है। जेल में बंद कैदियों के परिजनों ने यह आरोप लगाया है। उन्होंने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

बताया जा रहा है कि, चर्चित विराट अपहरण कांड के सजायाफ्ता कैदी को नियमों को दरकिनार कर नंबरदार बना दिया गया है। जिसके माध्यम से पैसों की वसूली की जाती है। परिजनों ने अपरहण कांड के अभियुक्त अनिल सिंह को जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी का संरक्षण होने का दावा किया है।

**200 रुपए में बीड़ी और 100 रुपए में तंबाकू का पैकेट:** पत्र में बताया गया है कि, जेल में 10 से 15 रुपए की बीड़ी के पैकेट की कीमत 200 रुपए है। पांच से 10 रुपए का तंबाकू पैकेट 100 रुपए, गांजा का जीपर 500 रुपए और नाइट्रा टेबलेट 100 रुपए में आसानी से मिल जाता है। यह अवैध वसूली का धंधा नंबरदार अनिल सिंह चलाता है।

**भाई के अकाउंट में जमा कराए पैसे:** बंदियों के परिजनों का आरोप है कि, अनिल सिंह कवर्धा में रहने वाले अपने भाई सुनील सिंह के अकाउंट और मोबाइल के माध्यम से पैसे जमा कराता है। दावा किया गया है कि हाल ही के दिनों में चार से पांच लाख रुपए वो जमा कराया है। जेल अधीक्षक से इसकी शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती। वह जेल के अंदर रसूखदार कैदी और बंदियों को मोबाइल भी उपलब्ध कराता है।

**बढ़िया भोजन का भी तय है रेट:** रसूखदार कैदी और बंदियों को अच्छी रोटी, दाल, चावल और सब्जी उपलब्ध कराने के लिए मुख्य जेल प्रहरी और बाबा आलोक खरे ने 3500 रुपए कीमत तय किया है। पैसे नहीं देने वाले कैदियों को स्तरहीन भोजन दिया जाता है। कीड़े लगे चावल, दाल के नाम पर पीला गरम पानी और बिना मसाले की सब्जी मिलती है। इसी तरह बिना चाय पत्ती और शक्कर के चाय मिलता है। सप्लायर नारायण सिंह की भी इसमें पूरी मिलीभगत है। नारायण सिंह कहता है कि, मैं हर महीने अधीक्षक, डीजी जेल को कमीशन के रूप में मोटी रकम पहुंचाता हूं। उनके महीने के जरूरी सामानों का पूर्ति करता हूं। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मैं जैसा चाहूंगा वैसा ही चलेगा।

**गैंगवार के बाद बंदी के भाई ने भी लगाए आरोप:** दरअसल, सेंट्रल जेल में दशहरा के दिन शाम को कैदियों के बीच गैंगवार हुई थी। वर्चस्व की लड़ाई के चलते एक विचाराधीन बंदी नवीन निर्मलकर पर चम्मच से बनाए हथियार से अन्य कैदियों ने हमला किया था। वो घटना से तीन दिन पहले ही नशे का सामान बेचने के आरोप में जेल गया था। इस घटना के बाद उसे इलाज के बाद सुरक्षा के बहाने एक अलग सेल में डाल दिया गया।

हमले की जानकारी मिलने पर उसका भाई तारण निर्मलकर उससे मिलने जेल पहुंचा। जेल से बाहर आने के बाद उसने पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। आरोप है कि जेल में अवैध रूप से पैसे देने से मना करने पर उसकी पिटाई की गई है। बंदी नवीन निर्मलकर के भाई ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

**बंदी का भाई बोला- जेल प्रबंधन और कैदियों की मिलीभगत:** बंदी नवीन निर्मल के बड़े भाई तारण निर्मलकर ने बताया कि, जेल में प्रबंधन और कैदियों की मिलीभगत से अवैध वसूली का धंधा चल रहा है। यहां विचाराधीन बंदियों और कैदियों को सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर पैसे ही वसूली की जाती है। पैसे नहीं देने पर बंदियों से मारपीट और अव्यवस्था के नाम पर परेशान किया जाता है।

**अपहरणकांड के आरोपी को नियम विरुद्ध तरीके से बनाया नंबरदार:** आरोप है कि, शहर के चर्चित विराट अपहरण कांड का आरोपी और ठेकेदार अनिल सिंह जेल में बंद है। जेल के अफसरों ने उसे नियम विरूद्ध तरीके से नंबरदार बना दिया है। इसके चलते वह जेल में अपनी रंगदारी दिखाकर कैदियों पर धौंस जमाता है। वह कैदियों को सुविधा दिलाने के नाम पर पैसे वसूलता है। पैसे नहीं देने पर कैदियों को परेशान किया जाता है। जो कैदी परिजनों से पैसे नहीं मंगाता उसे तरह-तरह से तंग करते हैं। इसके लिए उसे जेल के अफसरों का संरक्षण मिला हुआ है।

**जिस पर हुआ हमला उसका जेल ट्रांसफर, हवालाती कैदी लोकेश पर कोई कार्रवाई नहीं:** चक्कर नंबरदार अनिल सिंह के संरक्षण में हवालाती कैदी लोकेश तिवारी जेल के बेरोकटोक घूम रहा है। वह हत्या का आरोपी है। जेल प्रबंधन ने पहले नवीन को सुरक्षा के नाम पर सेल में डाल दिया, जिसके बाद उसका जेल ट्रांसफर कर जांजगीर भेज दिया गया है।

## बरेली में रिश्वत लेते जेई गिरफ्तार

**बरेली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के बरेली में किसान से ट्यूबवेल की बिजली कनेक्शन के नाम पर 30 हजार रुपए की मांग करने वाले अवर अभियंता को एन्टी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। टीम ने अवर अभियंता को गिरफ्तार कर फतेहगंज पश्चिमी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन पुलिस उपाधीक्षक यशपाल सिंह ने बुधवार को बताया कि एन्टी करप्शन टीम ने नदौसी विद्युत उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता आबिद हुसैन को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुनील कुमार ग्राम बल्लिया ब्लाक व थाना फतेहगंज पश्चिमी के पिता नत्थू लाल के नाम से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कृषि भूमि में सिंचाई के लिये ट्यूबवेल के कनेक्शन के लिये आवेदन किया था। अवर अभियंता आबिद हुसैन द्वारा ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शन के लिए स्थलीय सर्वे करने व एस्टीमेट बनाने के एवज में 30,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसे शिकायत कर्ता द्वारा रिश्वत की रकम देते हुये रंगे हाथ पकड़वा दिया।

## टीचरों के पहनावे पर शिक्षामंत्री ने दी सफाई

**जोधपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर टीचरों के पहनावे को लेकर अपनी टिप्पणी पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल यह था कि शिक्षक अच्छे कपड़े पहनकर आएं ताकि बच्चों पर अच्छे संस्कार पड़ें। जोधपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दोहराया कि शिक्षक आदर्श बनकर अपने छात्रों के सामने प्रस्तुत हों। उनका यह बयान तब आया जब बुधवार को उन्होंने नीमकाथाना के एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान टीचरों के पहनावे को लेकर टिप्पणी की थी। दिलावर ने कहा कि कुछ शिक्षक ऐसे कपड़े पहनते हैं जो बच्चों के लिए अनुचित हो सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है और इस मंदिर में शिक्षकों को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए जो बच्चों के लिए आदर्श हों। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों पर गलत प्रभाव न पड़े, इसके लिए शिक्षकों को खुद का ध्यान रखना चाहिए। शिक्षामंत्री ने स्कूल में टीचरों की देर से आने की भी आलोचना की और कहा कि कई बार टीचर लेट आते हैं और फिर झूठ बोलते हैं कि वे समय पर आए थे, जबकि बच्चे सबकुछ देखते हैं। इस तरह की आदतों से बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ता है।

अपने विभाग के फैसलों को लेकर बार-बार यू-टर्न पर पूछे गए सवाल के जवाब में दिलावर ने कहा कि कुछ फैसलों में कमियां रह जाती हैं और उन कमियों को सुधारने के लिए अगर कोई फैसला वापस लिया जाता है, तो वह गलत नहीं है। उन्होंने इसे एक सही कदम बताया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तीखा हमला बोलते हुए दिलावर ने आरोप लगाया कि उन्होंने प्रदेश को लूटकर खा लिया है और जनता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने डोटासरा पर आतंकवादियों और अपराधियों का सहयोग करने का आरोप भी लगाया।

# बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से 20 लोगों की मौत

**सीवान ( एजेंसी )।** बिहार के सीवान जिले में जहरीली शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गई। सीवान सदर अस्पताल के सिविल सर्जन ने बताया कि जहरीली शराब पीने से अब तक 20 लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा, जहरीली शराब का सेवन करने वाले लोग अभी भी इलाज के लिए अस्पताल में पहुंच रहे हैं।



छपरा एसपी ने बताया कि छपरा में भी इस घटना के कारण 4 लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया था कि मंगलवार शाम कौड़िया वैसी टोला गांव में उल्टी, सिरदर्द और पेट दर्द जैसे लक्षणों के साथ लोगों को इलाज के लिए भगवानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जब उनकी हालत पहले से और ज्यादा बिगड़ गई तो उन्हें सीवान के सदर अस्पताल ले जाया गया जहां से कुछ को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि मृतकों की संख्या जिला प्रशासन द्वारा पुष्टि की गई संख्या से अधिक है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीड़ितों ने मंगलवार शाम को जहरीली शराब पी थी और रात 9 बजे के आसपास लक्षण दिखने लगे। जहां एक तरफ पीड़ितों के परिवार यह दावा कर रहे हैं कि यह सारी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है।

## सिटीजनशिप एट की धारा 6ए की वैधता बरकरार, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता पर अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना था कि 6ए उन लोगों को नागरिकता प्रदान करता है जो संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं और ठोस प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं। सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6 को 1985 में असम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए संशोधन के बाद जोड़ा गया था। असम समझौते के तहत भारत आने वाले लोगों की नागरिकता



के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। इस धारा में कहा गया है कि जो लोग 1985 में बांग्लादेश समेत क्षेत्रों से 1 जनवरी 1966 या उसके बाद लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले असम आए हैं और तब से वहां रह रहे हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए धारा 18 के तहत अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस प्रावधान ने असम में बांग्लादेशी प्रवासियों को नागरिकता देने की अंतिम तारीख 25 मार्च 1971 तय कर दी। इससे पहले दिसंबर 2023 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे दायर किया था और कहा था कि वो भारत में अवैध प्रवास की सीमा के बारे में सटीक डेटा नहीं दे पाएगा क्योंकि प्रवासी चोरी-छिपे आए हैं।

## किश्तवाड़ में आग से हुई त्रासदी में 68 घर जलकर खाक, पीड़ितों ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

**किश्तवाड़ ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मुलवाड़वान गांव में मंगलवार दोपहर लगी आग में 68 घर जलकर खाक हो गए। इस हादसे के बाद पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई है, उनका कहना है कि उनका अधिकांश सामान जलकर राख हो गया है। यह बहुत कठिन समय है। सरकार को हमारी मदद करनी चाहिए। स्थानीय लोग राहत सामग्री और सरकार से सहायता की उम्मीद कर रहे हैं।

खादमी चनवानी ने बताया कि आग ने पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया था। किसी का कुछ भी नहीं बचा, सब कुछ जलकर राख हो गया। उन्होंने आगे कहा कि लोग रोते-बिलखते हुए खेतों में रहने को मजबूर हैं। किसी के पास कुछ नहीं बचा है। दमकल की टीम के पहुंचने तक पूरा गांव जलकर खाक हो चुका था। दमकल की गाड़ी को यहां आने में 6 घंटे लगे, स्थिति बहुत ही भयानक थी।

इस हादसे के बाद पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई है। आपने खुद बाजार में देखा है, इस गांव की हालत बहुत ही खराब है। लगभग 70-75 घरों को नुकसान हुआ है। हमने बहुत कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया।

## पुलिस ने 2 फर्जी कॉल सेंटर का किया पर्दाफाश; 43 गिरफ्तार


**नोएडा ( एजेंसी )।** नोएडा पुलिस ने विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम में छेड़छाड़ कर ठगी करने वाले दो कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। इस मामले में 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। ठगी का कॉल सेंटर सेक्टर-63 और फेज तीन थानाक्षेत्र में संचालित हो रहा था। सेंट्रल नोएडा डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों से इनपुट मिला था कि जिले में ऐसे कॉल सेंटर संचालित हो रहे हैं, जो अमेरिका और कनाडा के नागरिकों के साथ ठगी करता है।

इसके बाद कॉल सेंटर का पर्दाफाश करने के लिए कई टीमें बनाई गई। बुधवार को पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर दो कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी संख्या में लैपटॉप, राउटर, मोबाइल, हेडफोन, फेडरल रिजर्व सिस्टम का फर्जी दस्तावेज समेत अन्य सामान बरामद किया।

## पानीपत में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर गिरफ्तार, सलमान खान के घर पर फायरिंग का आरोप

**पानीपत( एजेंसी )।** मुंबई पुलिस को बीती देर रात बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक शूटर को पानीपत के सेक्टर-29 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पानीपत से गिरफ्तार किए गए शूटर का नाम सुखा है, जो पानीपत के रेल कलां गांव का रहने वाला है। शूटर सुखा को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने बीती देर रात





सुखा को पानीपत की सेक्टर 29 थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया।

यह गिरफ्तारी नवी मुंबई पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। जानकारी के अनुसार, सुखा पर नवी मुंबई पुलिस में एफआईआर दर्ज है। वह उन आरोपियों में शामिल है, जिन्होंने सलमान खान के नवी मुंबई स्थित पनवेल फार्म हाउस की रेकी की थी।

## संजीव खन्ना हो सकते हैं सुप्रीम कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 10 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपने पद से रिटायर हो रहे हैं। देश के अगले चीफ जस्टिस के लिए उन्होंने जस्टिस संजीव खन्ना का नाम केंद्र सरकार को भेज दिया है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति आमतौर पर वरिष्ठता के सिद्धांत के अनुसार ही की जाती है।



सीजेआई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रमुख होते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट और देश के विभिन्न हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति की सिफारिश करता है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ 2 साल तक पद पर रहने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश कर दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना 11 नवंबर 2024 को 6 महीने के कार्यकाल के लिए मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। वह 13 मई 2025 तक अपने पद पर बने रहेंगे। इसके बाद वह रिटार हो जाएंगे।

## बहराइच : महसी के महराजगंज में स्थिति सामान्य, इंटरनेट सेवा बहाल

**बहराइच ( एजेंसी )।** बहराइच में महसी के महराजगंज क्षेत्र में स्थिति अब सामान्य हो गई है। गुरुवार को पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं।

पुलिस-प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह अफवाहों से दूर रहें और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक पोस्टों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत जानकारी फैलाता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक पवित्र मोहन त्रिपाठी ने कहा कि 13 अक्टूबर को जनपद बहराइच में घटित घटना में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से भ्रामक सूचना फैलाई जा रही है। इसमें मृतक को करंट लगने, तलवार संभालने और उसके नाखून उखाड़ने जैसी बातें शामिल हैं, जो पूरी तरह से गलत हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि उसकी मृत्यु गोली लगने से हुई है। इस घटना में केवल एक ही व्यक्ति की मृत्यु हुई है, न कि कोई अन्य व्यक्ति। सभी से अनुरोध है कि वे सांप्रदायिक स्वार्थ को बढ़ावा देने वाली भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें और सचेत रहें।

## दौसा : पुलिस ने हरियाणा नंबर की कार से 1.96 करोड़ रुपये कैश बरामद किया

**दौसा ( एजेंसी )।** दौसा में पुलिस और फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) ने विधानसभा उपचुनाव के चलते बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हरियाणा नंबर की कार से एक करोड़ 96 लाख रुपये कैश बरामद किया है। यह कार्रवाई जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर भांडारेज मोड़ के पास चैक पोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान हुई। पुलिस ने कार सवार से जब इस कैश के बारे में जानकारी मांगी, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए पुलिस चौकसी बरत रही है।

## मथुरा सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत, सीएम योगी ने तुरंत लिया संज्ञान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** यूपी के मथुरा में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ



होने की भी कामना की है। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बता दें कि मथुरा में गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और 5 लोग घायल हुए। मृतकों में दो महिला और दो बच्चे भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल बिहार के गया जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ये मजदूर अलीगढ़ से कोसी होकर मजदूरी करने पिकअप में सवार होकर हरियाणा को जा रहे थे।

## राहुल गांधी वाल्मीकि मंदिर जाने का ढोंग कर रहे, आरक्षण विरोधी रहा है कांग्रेस का इतिहास : भाजपा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की है।

भाजपा ने राहुल गांधी के वाल्मीकि मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करने को ढोंग बताते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस का इतिहास ही आरक्षण विरोध का रहा है।

भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज वाल्मीकि जयंती है। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी वाल्मीकि मंदिर जाने का ढोंग कर रहे हैं, इसलिए फिर एक बार कांग्रेस के आरक्षण विरोधी इतिहास को दोहराना ज़रूरी है। राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि वह आरक्षण हटा देंगे। ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। नेहरू गांधी परिवार पर आरक्षण विरोधी होने का बड़ा आरोप लगाते हुए मालवीय ने आगे कहा, जवाहर लाल नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की




काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। नेहरू ने जीवन भर डॉ. अंबेडकर के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें लोकसभा चुनाव में हराने के लिए हर तरह से साजिश रची। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। राजीव गांधी ने 1985 में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को बुद्धू कहा था। उन्होंने आगे कहा कि राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में ओबीसी आरक्षण का पुरजोर विरोध किया। वर्ष 2004-2010 के बीच, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में मुस्लिमों को आरक्षण देने के लिए 4 प्रयास किए। इसे ओबीसी कोटा से अलग कर दिया और इस तरह ओबीसी को उनके उचित अधिकार से वंचित कर दिया। कांग्रेस ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी इसी तरह के कदम उठाए थे।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अब मुसलमानों को ओबीसी सूची में शामिल कर लिया है। कांग्रेस सरकार ने 2010 में ओबीसी की केंद्रीय सूची में ओबीसी श्रेणी के तहत कुछ मुस्लिम समुदायों को आरक्षण प्रदान किया। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल में जामिया मिलिया और एएमयू जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिससे पिछड़ों को आरक्षण देने से इनकार कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश यात्रा आसान बनाने सरकार ने लांच किया ई-माइग्रेट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश के लोगों के लिए विदेश यात्रा सुरक्षित और आसान हो सके इसके लिए भारत सरकार ने संशोधित ई-माइग्रेट पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जीवन को आसान बनाने और लोगों पर केंद्रित शासन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले साल, सुरक्षित और कानूनी आवागमन चैनलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने अभियान जारी किया था। इस अभियान के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षित जाएं, प्रशिक्षित जाएं के आदर्श वाक्य पर आधारित डाक टिकट जारी किया था। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की उसी भावना को दर्शाता है। उन्होंने नए ई-माइग्रेट पोर्टल वी2.0 को विदेशों में भारतीय कामगारों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और समावेशी आवागमन बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। यह पोर्टल देश के सतत विकास के लिए बनाए गए एजेंडा 2030 के लक्ष्य 10 के अनुरूप है। इसके माध्यम से व्यवस्थित, सुरक्षित और नियमित प्रवास को बढ़ावा देने का काम किया गया है।

### इंडिया-कनाडा तनाव से 67 हजार करोड़ का कारोबार खतरे में

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसमें भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। यह कदम कनाडा द्वारा सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारतीय राजनयिकों को शामिल करने के आरोपों को खारिज करते हुए उठाया गया है। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार, जो लगभग 67,000 करोड़ रुपए का है, अब खतरे में पड़ सकता है। इसके अलावा कनाडाई पेंशन फंड्स ने भारत में 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया हुआ है और 600 से अधिक कनाडाई कंपनियां भारत में सक्रिय हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 7.96 बिलियन डॉलर का रहा, जिसमें भारत ने 4.08 बिलियन डॉलर का निर्यात और 3.88 बिलियन डॉलर का आयात किया। भारत कनाडा को मुख्य रूप से रत्न, आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़े और स्टील के सामान का निर्यात करता है, जबकि कनाडा से अखबारी कागज, लकड़ी, तांबा और मिनरल्स का आयात करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव से व्यापार और निवेश के मौजूदा संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### रुपया हल्की बढ़त लेकर 83.77 पर खुला

**मुंबई ( एजेंसी )।** विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हल्की बढ़त लेकर 83.77 पर खुला। बाजार के जानकारों का कहना है कि विदेशी मुद्रा में कमजोरी की वजह से रुपया को बल मिला है। वहीं बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद दो पैसे की बढ़त के साथ 84.02 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की घटती कीमतों से निवेशकों की कारोबारी धारणा को समर्थन मिला।

# पहला टेस्ट : भारत ने टॉस जीतकर 13 रनों पर तीन विकेट खोये

## बारिश के कारण मैच रुका, विराट, सरफराज शून्य पर ही आउट हुए



**बेंगलुरु( एजेंसी )।** भारतीय टीम ने मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में शुरुआती तीन विकेट 13 रन पर ही गंवा दिये। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोक देना पड़ा। पहले दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया था। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे दिन गुरुवार टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ और टीम ने शुरुआत में ही विकेट खो दिये। रोहित ने कहा कि पिच शुरु में गेंदबाजों के लिए सहायक साबित हो सकती है पर विकेट को देखते हुए उनकी टीम पहले बल्लेबाजी कर अधिक से अधिक रन का स्कोर खड़ा करना चाहती है इसलिए उन्होंने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। वहीं किवी टीम के कप्तान टॉम लेथम ने कहा कि खराब मौसम के कारण उनकी टीम को तैयारी करने का पर्याप्त मौका नहीं मिल पाया लेकिन विकेट काफी समय तक ढका रहा है और बारिश भी हुई है तो ऐसे में उन्हें उम्मीद थी कि सतह से उनके तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी जो सही निकली। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपना खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं घरेलू क्रिकेट में जमकर रन बनाने वाले युवा सरफराज खान भी यहां असफल रहे और शून्य पर ही आउट हो गये। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के पिच पर नमी के बाद भी पहले बल्लेबाजी करने का फैसला बेहद गलत साबित हुआ। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विकेट पर छाये रहे। इससे भारतीय टीम का शीर्ष क्रम ताश के पत्तों की तरह से ढ़हने लगा। टीम ने शुरुआती 10 ओवर के अंदर ही 10 रन पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और सरफराज खान के विकेट गंवा दिए। सातवें ओवर में रोहित शर्मा जब 16 गेंद में सिर्फ दो रन बनाकर क्लीन बोल्ड हुए तो पारी को संभालने की जिम्मेदारी विराट के कंधों पर थी पर वह बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद चौथी गेंद पर सरफराज खान भी 0 पर निपट गए। इस तरह न्यूजीलैंड ने पांच गेंद के भीतर भारत के दो दिग्गज बल्लेबाजों को 0 पर आउट कर दिया।

### मुंबई इंडियंस के कोच बने हाब्रे

**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे अब आईपीएल के अगले सत्र में मुंबई इंडियंस के कोच के तौर पर नजर आयेंगे। म्हाम्ब्रे के कोच बनने से पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस की टीम को ओर बेहतर होने का भरोसा है। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच के तौर पर म्हाम्ब्रे का कार्यकाल इस साल टी20 विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था। वहीं मुंबई इंडियंस ने कहा कि म्हाम्ब्रे गेंदबाजी कोच के तौर पर लसिथ मलिंगा और मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ मिलकर काम करेंगे। वहीं जयवर्धने दो साल के बाद एक बार फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़े हैं। म्हाम्ब्रे भी इससे पहले मुंबई इंडियंस के साथ रहे हैं। उनके कोचिंग स्टाफ में रहते ही इस फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2013 में और चैम्पियंस लीग टी20 में 2011 और 2013 में खिताब जीता था।

### एशेज सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा





**मेलबर्न ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली 2025-26 की एशेज सीरीज का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अगले साल 21 नवंबर से शुरु होने वाली इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें पर्थ 21 नवंबर को पर्थ में पहला मैच होगा। वहीं ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दिन-रात का दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। वहीं एडिलेड ओवल में तीसरा टेस्ट होगा। तीसरा टेस्ट प्री-क्रिसमस टेस्ट होगा, जो अगले दो टेस्ट, बॉक्सिंग डे टेस्ट, 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में सीरीज का चौथा मैच और 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नए साल का सीरीज का अंतिम मैच होगा। एडिलेड ऑस्ट्रेलिया में सबसे पहले दिन-रात का पहला टेस्ट पहला मैच 2015 में हुआ था। इसके अलावा इस मैदान में साल 2017-18 और 2021-22 सीरीज में दो दिन-रात के टेस्ट हुए थे। गाबा ने पहले तीन दिन-रात टेस्ट की मेजबानी की थी जिसमें इस साल की शुरुआत में जनवरी में वेस्टइंडीज की प्रसिद्ध जीत भी शामिल थी। यह पहली बार है जब ब्रिसबेन को 1982-83 के बाद से एशेज सीरीज के पहले मैच की मेजबानी नहीं मिली है। पर्थ पहला टेस्ट आयोजित करेगा और दूसरा टेस्ट ब्रिसबेन में होगा। इस बात की अच्छी संभावना है कि एशेज 2025-26 गाबा टेस्ट स्टेडियम में आखिरी टेस्ट होगा क्योंकि 2026-27 और उसके बाद वहां कोई टेस्ट निर्धारित नहीं है। स्टेडियम अपनी मौजूदा स्थिति में 2030 तक उपयोग करने योग्य नहीं होगा। सीए के कार्यकारी महाप्रबंधक जोएल मॉरिसन ने पर्थ में कहा, 2025-26 एशेज की तिथियां हमारे हाल ही में जारी सात साल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ हैं और हम राज्य और क्षेत्रीय सरकारों द्वारा हमारे प्रमुख आयोजनों को बढ़ाने और विकसित करने के लिए दिए जा रहे समर्थन के लिए आभारी हैं।

# अब देश के सबसे धनी खिलाड़ी बन जाएंगे अजय जडेजा



**मुम्बई( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा जमनगर राजगद्दी के उत्तराधिकारी बनने के बाद अब हजारों करोड़ रुपये की संप्पति के मालिक बन गये हैं और इस मामले में सबसे आगे निकल गये हैं। जामनगर का महाराजा बनने के बाद उन्हें विरासत में 1450 करोड़ रुपये की संपत्ति मिलेगी। इसके साथ ही वह जामनगर में स्थित एक भव्य शाही महल में रहेंगे। उनका निवास आधुनिक विलासिता और पारंपरिक वास्तुकला का बेहतरीन मिश्रण है। अजय जडेजा अब देश के सबसे धनी खिलाड़ी भी बन जाएंगे। इस मामले में वह स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को भी पीछे छोड़ देंगे, जिनकी कुल संपत्ति लगभग 1,000 करोड़ आंकी गई। जडेजा 90 के दशक में अपने खेल के कारण छाये रहते थे। वह एक बेहतरीन बेट्समैन और जबरदस्त फील्डर और कप्तान रहे हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद जडेजा ने फिल्मों में भी आये पर उसमें सफल न होने के बाद क्रिकेट से जुड़ी भूमिकाओं में ही व्यस्त रहे। वहीं अब उन्हें रियासत को संभालने की जिम्मेदारी मिली है। दशहरा के अवसर पर महाराजा शत्रुसल्य सिंह जी दिग्विजयसिंह जी जडेजा ने अजय जडेजा को जामनगर शाही सिंहासन का उत्तराधिकारी घोषित किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार , अजय जडेजा की कुल संपत्ति लगभग 1,40 करोड़ रुपये है पर अब वह कई गुना बड़ जाएगी।

# बॉर्डर गावस्कर सीरीज में बुमराह पर अंकुश लगाना होगा : कमिंस



**सिडनी( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को अगले माह भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अंकुश लगाये रखना होगा। कमिंस ने कहा कि अगर उनकी टीम को इस सीरीज में जीत चाहिये तो उन्हें किसी भी हाल में बुमराह को रोकना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के अनुसार बुमराह अभी लय में हैं और हमारी उछल भरी पिचों पर उनकी गेंदों को खेलना आसान नहीं रहेगा। भारत ने साल 2014-15 से यह ट्रॉफी लगातार जीती है। उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर हराया। कमिंस ने कहा, ''मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर अंकुश कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें सीरीज जीतने में काफी सहायमता मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप की जीत से प्रेरित होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ''हमने उनके खिलाफ जो पिछली दो सीरीज खेली थी उन्हें काफी समय हो गया है। हम उससे उबर चुके हैं।'' कमिंस ने कहा,''मैं उनके रोहित शर्मा साथ एक टीम में कभी नहीं खेला इसलिए मैं उन्हें बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता पर मुझे पता है कि भारतीय टीम काफी संगठित हैं और उनकी रणनीति सटीक है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा,'' हम पिछले कुछ साल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल और एकदिवसीय विश्व कप में जीत हासिल करने में सफल रहे हैं। हम इनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे जैसे कि उनकी टीम यहां अपनी पिछली कुछ सफलताओं से प्रेरणा लेने के प्रयास करेगी।'' कमिंस ने कहा कि भारतीय टीम में इस बार चेतेश्वर पुजारा नहीं रहेंगे जिससे भी हमें लाभ होगा। पिछल सीरीजों में भारतीय टीम की जीत में पुजारा की अहम भूमिका रही थी। वह एक छोर संभाले रखते थे और उन्हें आउट करना कठिन होता था।

# मयंक ओर नितीश को शीघ्र ही टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का अवसर मिलेगा : रोहित



**बेंगलुरु( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आने वाले समय में तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को भी टेस्ट पदार्पण का अवसर मिलेगा। मयंक और नितीश दोनों ही बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में संपन्न तीन मैचों की सीरीज में भारत की टी20 टीम में शामिल थे ओर इसमें इन दोनो का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। दूसरे टी20 मैच में नितीश ने 34 गेंदों पर 74 रन बनाकर प्रभावित किया। इसमें 3 विकेट भी शामिल थे। वहीं मयंक ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन मैचों में सात से कम की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए। इन दोनों को प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। रोहित ने कहा कि, मैं समझता हूं कि इन दोनो ने ही अब तक बहुत अधिक नहीं खेला है। हम बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं। अगर हम किसी को जल्दी से जल्दी टीम में चाहते हैं।

ऐसे में अगर कोई चोटिल हो जाता है तो हम चाहते हैं कि वे आगे आएं। उनके आस-पास होना, उनसे बात करना और ये देखना अच्छा है कि वे टेस्ट क्रिकेट को कैसे देखते हैं। इस प्रकार उन्हें धीरे-धीरे तैयार करना बेहतर होगा। इस साल के आईपीएल में नितीश और मयंक ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। सनराइजर्स के लिए नितीश ने शानदार बल्लेबाजी की जबकि मयंक ने लखनऊ सुपरजायंटस की ओर से अपनी रिकार्ड तेज गति से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

# डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले गुलाम को बाबर आजम ने बधाई दी



**मुल्तान( एजेंसी )।** पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम की जमकर प्रशंसा की है। गुलाम को बाबर आजम की जगह इस मेच में शामिल किया गया था। गुलाम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने अच्छा खेल दिखाते हुए 224 गेंदों पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 118 रन बनाए। बाबर ने सोशल मीडिया पर गुलाम को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी औरलिखा - अच्छा खेला कामरान। कामरान ने अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाकर पाक टीम को पांच विकेट पर 259 के स्कोर तक पहुंचाया। इस नये बल्लेबाज ने खराब फॉर्म में चल रहे बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमकण का अच्छे से सामना किया। वहीं दिन के अंत में मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा क्रमश: 37 और पांच रन बनाकर नाबाद थे। जब मेजबान टीम टॉस जीतकर 19 पर दो विकेट खोकर दबाव में थी तब कामरान ने सैम अयूब के साथ तीसरे विकेट के लिए 149 रन जोड़े जिन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 77 रन की पारी खेली और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। उन्होंने स्पिनर जो रूट की गेंद पर चौका लगाकर शतक तक पहुंचने में 280 मिनट का समय लिया और अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले पाकिस्तान के 12वें बल्लेबाज बन गए।

# क्यूरेटर टोनी हेमिंग को पिच बनानी नहीं आती : बासित अली



**लाहौर( एजेंसी )।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने पिच क्यूरेटर टोनी हेमिंग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि उसे पिच कैसे बनानी है ये भी नहीं पता। इसी कारण हेमिंग ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसी पिच तैयार की जिसपर पाक टीम को करारी हार झेलनी पड़ी। साथ ही कहा कि उसे भारतीय पिच क्यूरेटर से सीखना चाहिये कि कैसे अपनी टीम के अनुरुप पिचें बनायीं जाती हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में ही मेजबान पाक टीम मेहमान टीम के सामने टिक नहीं पायी। उसे एक पारी और 47 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। पिच स्पिनरों के लिए आरामदायक नहीं पायी गयी। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर दोनों पारियों में केवल एक विकेट ले पाये। वहीं पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने 35 ओवर में 4.97 की इकॉनमी से 174 रन दिये और बीमार होने के बाद अस्पताल में इलाज करवाने से पहले एक भी विकेट नहीं ले पाए। सैम अयूब और समलान अली आगा ने विकेट लिए पर काफी अधिक रन दे दिये। बासित ने कहा कि अपने अनुभव के बावजूद हेमिंग पिच तैयार करने में सफल नहीं रहे। बासित ने कहा, हमने पहले टेस्ट मैच में सोचा था कि गेंद दूसरे दिन स्पिन करेगी पर पांचवें दिन भी ऐसा नहीं हुआ। क्यूरेटर ऑस्ट्रेलिया से है और वह आईसीसी का भी हिस्सा रहा है। लेकिन उसे नहीं पता कि पिच कैसे तैयार की जाती है। उन्होंने कहा, अब खिलाड़ी इसी पिच पर खेलेंगे, इस उम्मीद में कि गेंद घूमेगी। ऐसे क्यूरेटर को नियुक्त करने का क्या मतलब है जो पिच बनाना नहीं जानता। यह बहुत सवाल सवाल है। पूरी दुनिया हमारा मजाक उड़ा रही है। भारत को देखिए। पिच को वे जिस तरह से चाहते हैं, उसी तरह से तैयार किया जाता है।

# ऋषभ, जुरेल और जितेश से मेरी प्रति प्रतिस्पर्धा नहीं : सैमसन

## सभी का लक्ष्य टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करना



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि उनकी ऋषभ पंत से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सैमसन के अनुसार उनकी ऋषभ, ध्रुव जुरेल और जितेश शर्मा सभी से अच्छी दोस्ती है क्योंकि उन्होंने काफी समय साथ खेला है। ऐसे में जिसे भी अवसर मिलता है वह टीम की ओर से बेहतर योगदान देने का प्रयास करता है। भारतीय टीम में आज विकेटकीपिंग के कई विकल्प मौजूद हैं। जिससे चयन कठिन हो गया है। टेस्ट मैच के लिए विकेटकीपिंग में ऋषभ पहली पसंद रहते हहैं, उनके बाद ध्रुव जुरेल हैं। वहीं एकदिवसीय में केएल राहुल और संजू सैमसन का मुकाबला ऋषभ से है जबकि जितेश शर्मा टी20ई में ऋषभ और सैमसन को टक्कर देते दिखते हैं। सैमसन को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20ई सीरीज के में जगह मिली थी। उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाया और तीसरे और आखिरी मैच में न सिर्फ शतक लगाया बल्कि टीम में अपनी जगह भी पक्की कर ली। उन्होंने स्वीकार किया कि वह दबाव में थे, क्योंकि टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए कई अन्य विकल्प थे। सैमसन ने कहा कि हमारा काम अवसर का इंतजार करना और प्लेइंग इलेवन में चुने जाने पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। दबाव हमेशा रहता है, लेकिन जब विकेटकीपिंग स्लॉट की बात आती है तो हम उस तरह से नहीं देखते हैं। ऋषभ , ध्रुव और जितेश मुझे लंबे समय से जानते हैं और मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है। हम खुद को प्रतिस्पर्धी के रूप में नहीं देखते हैं और हम हमेशा एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेते हैं। आखिरकार, हम अपने देश के लिए खेल रहे हैं, और जब भी हममें से किसी को टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले तो हमें जीत में योगदान देना चाहिए। सैमसन ने बीते दिनों हैदराबाद टी20 में 40 गेंदों पर शतक लगाया था। वह ऐसे करने वाली दूसरे सबसे तेज भारतीय बन गए हैं। मैच के बाद सैमसन ने अपनी रणनीति पर बात करते हुए कहा था कि लय पाने के लिए वह राजस्थान रॉयल्स अकादमी गए थे। वहां नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। इससे उन्हें मदद मिली। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस श्रृंखला में किसी भी अन्य श्रृंखला की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक तैयार होकर आया था। सैमसन ने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें अपने खेल को लेकर अधिक जागरूकता हासिल करने में मदद मिली।

# त्रि-दिवसीय शरदोत्सव का आगाज

### सांस्कृतिक संध्या में लोकनृत्यों की रही धूम

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** दीनदयाल शोध संस्थान एवं चित्रकूट क्षेत्र की जनता, जिला प्रशासन सतना के सहयोग से संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश के द्वारा भारतर नानाजी देशमुख के जन्म दिवस शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारंपरिक एवं समकालीन कलाओं पर केन्द्रित त्रिदिवसीय शरदोत्सव का आयोजन 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ गत दिवस उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार द्वारा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के 108वें जन्म दिवस शरद पूर्णिमा पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूज्य दिव्यजीवन दास, दिगंबर अखाडा भारत मंदिर डॉ. रामनारायण त्रिपाठी, गायत्री शक्तिपीठ, पूज्य संत मैथिली









भाई रामकिंकर आश्रम चित्रकूट, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, कुलगुरू महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारतीय शैली के साथ होगी विदेशी श्रीरामलीला प्रसंगों की प्रस्तुति

### सात दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव का 20 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे होगा शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा 20 से 26 अक्टूबर 2024 तक श्रीरामकथा के विविध प्रसंगों की लीला प्रस्तुतियों एकाग्र श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव में लीला मण्डल रंगरेज कला संस्थान-उज्जैन के कलाकारों द्वारा श्रीराघव प्रयाग घाट-नयागाँव, चित्रकूट सतना में श्रीरामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। साथ ही "श्रीरामराजा सरकार" श्रीराम के छत्तीस गुणों का चित्र कथन प्रदर्शनी और श्रीरामकथा के चरितों आधारित पांच दिवसीय व्याख्यान का आयोजन भी किया जा रहा है।

उत्सव में 20 अक्टूबर, 2024 को शिव विवाह, रावण का विश्व विजय अभियान, श्री राम-जन्म, गुरु विश्वामित्र दशरथ संवाद, 21 अक्टूबर, 2024 को श्रीराम कथा प्रस्तुति, इंडोनेशिया एवं ताड़का वध, अहिल्या-उद्धार, वाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, 22 अक्टूबर, 2024 को श्रीराम बारात, श्री राम राज्य की घोषणा, कैकेयी-मंथरा संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद, श्री राम वन गमन, 23 अक्टूबर, 2024 को श्री राम-निषादराज मिलन, केवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत-कैकेयी संवाद, 24 अक्टूबर, 2024 को मिलाप, सीता हरण, जटायु मरण, शबरी प्रसंग, 25 अक्टूबर, 2024 को श्री राम-हनुमान मिलन, श्री राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन एवं उत्सव के समापन दिवस 26 अक्टूबर, 2024 को सेतुबंध, रामेश्वरम स्थापना, रावण-अंगद संवाद, कुंभकरण, मेघनाथ एवं रावण मरण, श्री राम राज्याभिषेक प्रसंगों को मंचित किए जायेंगे। समारोह में सभी सादर आमंत्रित हैं एवं प्रवेश निःशुल्क है।

### राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# पैसों के चक्कर में पहुंच गए हवालात

## जिस बैंक खाते पर क्राइम ब्रांच ने लगाया था होल्ड उसी से निकाल रहे थे रकम

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शहर के मुख्त्यारगंज स्थित एक बैंक की ब्रांच में रुपए निकालने पहुंचे 2 युवक सलाखों के पीछे पहुंच गए। उन्हें रकम तो नहीं मिली हवालात की हवा जरूर खानी पड़ रही है। मामला साइबर फ्रॉड से जुड़ा होने की आशंका है, लिहाजा दोनों युवकों से पूछताछ भी जारी है।

जानकारी के मुताबिक, मुख्त्यारगंज स्थित केनरा बैंक की शाखा में खाते से रकम आहरित करने पहुंचे दो युवकों को संदेह के आधार पर बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सौंप दिया। सिटी कोतवाली पुलिस दोनों को अपने साथ थाना ले गई और हवालात में डाल कर पूछताछ के दायरे में ले लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान धीरज प्रजापति पिता मुन्ना लाल प्रजापति निवासी धवारी गली नंबर 5 मल्लाहन टोला व




पंकज कुमार चौधरी पिता रामखेलावन चौधरी निवासी ग्राम गढ़वा खुर्द थाना कोटर के रूप में हुई है।

**क्राइम ब्रांच ने बैंक खाते पर लगा दी थी रोक:** पुलिस ने बताया कि साइबर फ्रॉड के मामले में क्राइम ब्रांच ने कई बैंक के तमाम खातों पर रोक लगवा रखी है। वैसा ही खाता कैनरा बैंक में भी था। उस खाते से रकम निकालने बुधवार को दोनों युवक बैंक पहुंचे थे। उन्होंने काउंटर पर पहुंच कर खाते में जमा रकम की जानकारी मांगी तो बैंक कर्मी को संदेह हुआ और उसने बैंक मैनेजर को जानकारी दी।

युवकों से पूछा गया कि रकम कहां से आई है तो खुद को खाताधारक बताने वाला पंकज कुमार चौधरी जानकारी नहीं दे सका। मैनेजर ने बातों में उलझा कर बैठा लिया और पुलिस को सूचना दे दी। सिटी कोतवाली पुलिस दोनों को पकड़ लाई।

**पुलिस को बताया- दो महीने पहले चोरी हो गया था एटीएम:** पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मुंबई में रह कर चौकीदारी करता है। उसका एटीएम कार्ड 17 अगस्त को चोरी हो गया था, इसलिए वह नगद रकम निकालने काउंटर पर आया था।

लेकिन वह इस बात का जवाब नहीं दे सका कि उसके चोरी एटीएम से रकम कौन और कैसे निकाल रहा है ? उसने एटीएम ब्लॉक क्यों नहीं कराया और उसके खाते में 76 हजार रुपए किसने - कहां से जमा करवाए ? पुलिस की पूछताछ जारी है। आशंका जताई जा रही है कि इस खाते की लिंक साइबर फ्रॉड गिरोह से जुड़ी हुई है।

# विकासखण्ड स्तरीय सुरक्षा जवान भर्ती मेला आज उचेहरा में

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/हाउस कीपिंग पद की भर्ती के लिये जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 24 अक्टूबर तक जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/एनसीओ/हाउस कीपिंग पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 18 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई उचेहरा, 19 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई मैहर, 21 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 22 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई बिरसिंहपुर तथा 24 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 18 से 37 वर्ष आयुवर्ग तथा योग्यता 8वीं, 10वीं पास/फेल, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए भर्ती प्रबंधक मो. 9981808847, 6263787387 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मैहर में पानी प्लांट पर छापा

## बिना बीआईएस सर्टिफिकेट की जा रही थी वॉटर पैकेजिंग, सीज कर मालिक को दिया नोटिस





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर नगर पालिका के वार्ड नंबर-4 में स्थित वॉटर प्लांट पर आईएसआई की टीम ने गुरुवार को छापा मारा। प्लांट में बीआईएस सर्टिफिकेट के बिना ड्रिंकिंग वॉटर पैकेजिंग होने के सबूत मिले, जिस पर प्लांट को सीज कर दिया गया। साथ ही संचालक को नोटिस दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, वार्ड नंबर-4 हरदुआ कलां में शासकीय स्कूल के पास वॉटर माउंटेन पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का प्लांट है, जिसका मालिक सुमित लालवानी है। आईएसआई को इस प्लांट में बिना गुणवत्ता प्रमाणन के लिए आवश्यक बीआईएस सर्टिफिकेट के बिना वॉटर पैकेजिंग की जानकारी मिली थी, जिस पर आईएसआई ने गुरुवार को प्लांट पर छापा मारा।

हालांकि टीम को छापामारी के दौरान प्लांट बंद मिला, लेकिन जांच करने पर वहां पर पैकेजिंग के सबूत मिल गए, जिस पर मालिक को नोटिस जारी किया गया है।

**तकनीकी कारणों से निरस्त हुआ था सर्टिफिकेट:** दरअसल, प्लांट को पहले आईएसआई की ओर से बीआईएस सर्टिफिकेट दिया गया था।

लेकिन गुणवत्ता और तकनीकी कारणों से प्लांट का सर्टिफिकेट निरस्त कर दिया गया था। साथ ही मालिक पर भारी जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बावजूद भी प्लांट में धड़ल्ले से ड्रिंकिंग वॉटर की पैकेजिंग कर बाजार में सप्लाई की जा रही थी।

## पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर दो दिवसीय प्रवास पर चित्रकूट आयेंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर 18 अक्टूबर को प्रातः 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री गौर प्रातः 6.50 बजे सतना से चित्रकूट के लिए प्रस्थान कर प्रातः 8.30 बजे आरोग्यधाम चित्रकूट पहुंचेंगी।

राज्यमंत्री गौर प्रातः 9.30 बजे श्री कामदगिरी की परिक्रमा/पूजन एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। राज्यमंत्री गौर सायं 7 बजे भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के जन्मोत्सव कार्यक्रम उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में शामिल होने के पश्चात रात्रि विश्राम आरोग्यधाम चित्रकूट में करेंगी। इसी प्रकार राज्यमंत्री गौर प्रवास के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को प्रातः 4.30 बजे चित्रकूट से सतना रेल्वे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगी।

## महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति में दरार का मामला

# पर्यटन अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप, 20 लाख से हुआ था निर्माण



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट बीजेपी नेता और मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा ने चित्रकूट के पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मिश्रा ने आरोप लगाया है कि वाल्मीकि आश्रम, लालपुर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। 20 लाख की लागत से बनी इस मूर्ति में कुछ ही दिनों पहले दरारें आ गई थीं, जिसे लेकर मिश्रा ने मूर्ति पर लीपा-पोती करने का भी आरोप लगाया है।

**सीएम ने दी थी करोड़ों की सौगात:** मिश्रा का कहना है कि वे जल्द ही इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालपुर सहित अन्य तीर्थ स्थलों के लिए करोड़ों की सौगात दी है। अब इस भ्रष्टाचार के आरोपों से जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

**20 लाख की मूर्ति हुई खराब:** पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव पर लगे इन आरोपों के बाद से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। सवाल यह उठता है कि आखिर 20 लाख की मूर्ति इतनी जल्दी खराब कैसे हो गई और क्या वाकई भ्रष्टाचार हुआ है?

## बहू की हत्या करने वाले जेठ को उम्रकैद

# कुल्हाड़ी मारकर किया था घायल, घर में चल रही थीं शादी की तैयारियां



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में बहू की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर अदालत ने हत्यारोपी जेठ को उम्रकैद की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिला सरकारी वकील श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 20 जून 2022 को रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के रहने वाले राजेश रैदास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। राजेश के अनुसार, उसके बेटे की बारात 21 जून को जानी थी और इसी दौरान घर में तैयारियां चल रही थीं।

**इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई:** तभी उसके बड़े भाई बाबूलाल ने उसकी पत्नी कुसमा पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे कुसमा गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके बेटे ने तुरंत-112 पर फोन कर मदद मांगी। एंबुलेंस की सहायता से कुसमा को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**अदालत में चार्जशीट दाखिल की:** राजेश ने बताया कि उसकी पत्नी दो महीने पहले बरेठी में अपनी बहन के घर गई थी। जिससे बाबूलाल नाराज था। इस वजह से उसने घर के आंगन में कुसमा पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया और अदालत में चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी बाबूलाल को दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# 1 जनवरी 2025 के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का वार्षिक सारांश

## संशोधन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष की अर्हक तिथि के रूप में 1 जनवरी 2025 के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का वार्षिक सारांश संशोधन किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के लिए सभी शासकीय/अशासकीय विभागों की बेवसाइट पर अधिक से अधिक व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये है। इनमें कुल सचिव महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, कुल सचिव एकेएस विश्वविद्यालय, सीईओ जिला पंचायत/नोडल अधिकारी स्वीप, आयुक्त नगर निगम, सभी विधानसभा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, प्राचार्य शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना/नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय प्रमुख शासकीय/अशासकीय जिला सतना/मैहर, उप संचालक सामाजिक न्याय, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सतना/मैहर, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, समस्त नगर पालिका/नगर परिषद अधिकारी अपने विभागों की बेवसाइट पर अधिक से अधिक व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता

## 23 को होगा उद्घाटन, डेढ़ हजार खिलाड़ी होंगे शामिल, समापन सत्र में सीएम करेंगे शिरकत

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में 23 से 27 अक्टूबर तक अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की ओर से किया जा रहा है। इस दौरान देश भर से 1500 से अधिक प्रतिभागी सतना पहुंचेंगे।

आयोजकों ने बताया कि अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर से लेकर 5 हजार मीटर तक की सामान्य और बाधा दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले-रेस, क्रॉस कंट्री रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देश भर के 11 क्षेत्रों से 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। वहीं, इनके



अलावा निर्णायकों के साथ ही कई टीचर्स भी इस दौरान सतना पहुचेंगे।

**समापन समारोह में सीएम करेंगे शिरकतः** प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मौजूद रहेंगे। वहीं, कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्या भारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता के समापन समारोह 27 अक्टूबर को होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मौजूद रहेंगे। वहीं, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और महापौर योगेश ताम्रकार भी उपस्थित रहेंगे।

# शुक्ला मोहल्ले, वार्ड-10 में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शहर को स्वच्छ, नशा मुक्त ,स्वस्थ शहर बनाने एवं "अपराध मुक्त समाज", "भ्रष्टाचार मुक्त समाज", की परिकल्पना के साथ स्वच्छता द्वारा बेहतर शहरी स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत शुक्ला मोहल्ले, वार्ड-10 सतना में जागरूकता कार्यक्रम इं.धर्मेंद्र सिंह परिहार नगर पालिक निगम सतना के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

सभी से सतना को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपनी अपनी सहभागिता निभाने का अनुरोध किया गया! सभी से स्वभाव में स्वच्छता,संस्कार में स्वच्छता लाने का प्रयास करने का अनुरोध किया गया तथा कचड़ा चार भागों में गीला,सूखा,सेनेटरी तथा घरेलू हानिकारक अलग-अलग -निर्धारित हरी डस्टबिन व नीली डस्टबिन में



गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक कचड़ा कलेक्शन (मांगने वाली) गाड़ी को देने का अनुरोध किया गया।

भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से आगामी भविष्य के सभी चुनावों के स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी, प्रलोभन रहित सुगम, सहभागी, सुरक्षित होने का प्रयास सर्वजन द्वारा हो, साथ ही सभी उपस्थित मतदाताओं से निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार के प्रयोग का अनुरोध किया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।